दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 160 जयपुर, सोमवार, 20 मई, 2024 । वैशाख, शुक्ल पक्ष- द्वादशी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### आरटीओ टीम पर एसीबी की रेड... संदिग्ध राशि जब्त



**जयपुर**। जयपुर-आगरा हाईवे के लुधावई टोल प्लाजा के पास रविवार को भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने परिवहन विभाग के उड़न दस्ता का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उड़न दस्ते के पास से 75 हजार रुपए की संदिग्ध राशि पाई गई। एसीबी की टीम ने यह कार्रवाई ट्रकों से अवैध वसूली की शिकायत मिलने पर की थी। एसीबी के महानिदेशक डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि भरतपुर की एसीबी इकाई को एक गोपनीय शिकायत मिली थी कि जयपुर आगरा हाईवे पर लुधावई टोल प्लाजा व अन्य स्थानों पर यहां से गुजरने वाले ट्रकों से अवैध वसूली की जाती है। इसके बाद एसीबी भरतपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित सिंह के नेतृत्व में शिकायत का सत्यापन किया गया। राशि पाई गई, जिसे जब्त कर लिया गया। मौके पर मिले परिवहन निरीक्षक मनोज कुमार सिंघल, संविदाकर्मी ओम प्रकाश, कुंवर सिंह, दाऊदयाल, यदुवीर सिंह, कुमारपाल और राकेश कुमार से पूछताछ की जा रही है।

### एक्स MLA प्रशांत बैरवा की मां पर 25 करोड़ का जुर्माना



**जयपुर**। निवाई के पूर्व कांग्रेस विधायक प्रशांत बैरवा की भजनलाल सरकार में अब मुश्किलें बढ़ने वाली है। खनिज विभाग ने पूर्व विधायक की मां के नाम पर 25 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाकर नोटिस भेजा है। इस दौरान खनिज विभाग ने यह जुर्माना एक महीने में जमा करवाने के निर्देश दिए हैं। दरअसल, पूर्व विधायक बैरवा की मां आशा लता बैरवा के नाम पर खान आवंटित है। बीते दिनों खनिज विभाग की ओर से विशेष अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई की गई थी। इसके बाद खनिज विभाग ने पूर्व विधायक की मां के खिलाफ यह जुर्माना लगाया है। इसको लेकर बीते दिनों बरौनी पुलिस थाने में खनिज विभाग ने 6 मामले दर्ज करवाई। इनमें चार मामले पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा की मां के खिलाफ दर्ज हैं।

## लोकसभा चुनाव 2024 के पांचवें चरण के लिए वोटिंग आज: राजनाथ -राहुल गांधी समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर

# दिग्गजों की किस्मत का फैसला आज EVM में होगा कैद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के तहत सोमवार को आठ राज्यों/केंद्रशासित प्रदेश की 49 लोकसभा सीटों पर वोटिंग होगी। यहां पर 8 करोड़ 95 लाख से ज्यादा मतदाता 94 हजार 732 मतदान केंद्रों पर वोट डालकर अपना प्रतिनिधि चुनेंगे। ओडिशा विधानसभा की बची 35 सीटों पर भी सोमवार को मतदान होगा।



पांचवें चरण की 49 लोकसभा सीटों पर कुल 695 प्रत्याशी मैदान में हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह (लखनऊ), केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल (मुंबई उत्तर), स्मृति ईरानी (अमेठी), राहुल गांधी (रायबरेली), चिराग पासवान (हाजीपुर), श्रीकांत शिंदे (कल्याण) समेत कई दिग्गजों की साख दांव पर है। पांचवें चरण में यूपी की 14 सीट, महाराष्ट्र की 13, पश्चिम बंगाल की 7, ओडिशा-बिहार की 5-5, झारखंड की 3, केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर और लद्दाख की 1-1 सीट पर चुनाव होगा। ओडिशा की 35 सीटों पर भी मतदान होगा। 2019 के चुनाव में भाजपा 49 में से 32 सीटें जीती थी। कांग्रेस को एक सीट, शिवसेना को सात, टीएमसी को चार और अन्य को पांच सीटें मिली थीं। निर्वाचन आयोग के मुताबिक बिहार, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, झारखंड, महाराष्ट्र, ओडिशा, उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल में वोट डाले जाएंगे। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों और जिला निर्वाचन अधिकारियों को वोटरों की सुविधा के लिए सभी आवश्यक इंतजाम करने को हिदायत दी है।

■ पेज 7 भी देखें

**9 करोड़ वोटर चुनेंगे 49 सांसद** | **695 प्रत्याशी आजमा रहे अपनी किस्मत** | **94 हजार 732 बूथों पर होगा मतदान**

### 100 साल की आयु के 24 हजार से ज्यादा वोटर

चुनाव आयोग के मुताबिक पांचवें चरण में 9 लाख 47 हजार कर्मचारी चुनाव प्रक्रिया का संचालन करेंगे। सामान्य तौर पर सुबह सात से शाम छह बजे तक मतदान होगा। पांचवें चरण में कुल 8 करोड़ 95 लाख से ज्यादा हैं। इसमें 5409 वोटर थर्ड जेंडर हैं। इनमें से 100 साल या इससे ज्यादा आयु के 24,792 मतदाता हैं, जबकि 85 साल या इससे ज्यादा आयु के 7 लाख 81 हजार मतदाता हैं। सात लाख तीन हजार मतदाता दिव्यांग वोटर हैं।

### सुरक्षा के खास इंतजाम

मतदान पर निगरानी के लिए 153 ऑब्जर्वर तैनात किए गए हैं। इनमें से 55 सामान्य ऑब्जर्वर हैं, तो 30 पुलिस यानी सुरक्षा ऑब्जर्वर और 68 की निगाह चुनावी खर्चों पर होगी। इनके अलावा 2 हजार से ज्यादा उड़नदस्ते तैनात किए गए हैं। ये पोलिंग बूथों पर औचक निरीक्षण करेंगे। चुनाव कार्य में लगी निर्वाचन अधिकारियों की टीम की दुर्गम इलाकों में स्थित बूथों तक आवाजाही के लिए 17 विशेष ट्रेन और 508 हेलिकॉप्टर उपलब्ध कराए गए हैं।

## जयपुर में हल्की बारिश से मौसम हुआ खुशनुमा



फोटो: पंकज शर्मा

# प्रचंड गर्मी में राहत की बौछार

## 47° के करीब पहुंचा बाड़मेर का पारा

**बेधड़क** | जयपुर

प्रदेश में प्रचंड गर्मी के दौर ने लोगों का हाल बेहाल कर दिया है। रविवार को जयपुर, बीकानेर, जोधपुर और भरतपुर संभागों में 30 से 40 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज गर्म हवाएं दर्ज की गई है। इसी बीच राजधानी जयपुर सहित आसपास के जिलों में हुई हल्की और मध्यम दर्जे की बारिश ने गर्मी से कुछ राहत दिलाई। बारिश होने के कारण शाम के समय मौसम खुशनुमा बन गया। मौसम विभाग के अनुसार प्रदेश का अधिकतम तापमान 47 डिग्री के आसपास पहुंच गया है। बाड़मेर में अधिकतम तापमान 46.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। प्रदेश में अधिकतम भागों में तापमान 44 से 46 डिग्री तक दर्ज किया जा रहा है। मौसम विभाग ने आगामी दिनों में 22 से अधिक जिलों में हीट वेव और अति तीव्र हीट वेव चलने की चेतावनी जारी की है।

जयपुर मौसम केंद्र के निदेशक राधेश्याम शर्मा के मुताबिक रविवार को जयपुर, बीकानेर, जोधपुर और भरतपुर संभागों में अलग-अलग स्थान पर तेज गर्मी के साथ ही 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज गर्म हवाएं दर्ज की गई हैं। आगामी एक सप्ताह तक प्रदेश में भीषण गर्मी का दौर जारी रहेगा। अधिकतम तापमान में 2 से 3 डिग्री की बढ़ोतरी होने की संभावना है। इसके साथ ही हीट वेव का नया दौर शुरू होगा। कई जिलों में हीट वेव और अति तीव्र हीट वेव चलने की संभावना है।

**एक सप्ताह तक हीटवेव का अलर्ट:** प्रदेश में हीट वेव का दौर भी एक सप्ताह तक जारी रहने की संभावना है। जोधपुर, बीकानेर संभाग के अधिकांश भागों समेत जयपुर, भरतपुर, कोटा संभाग के कुछ भागों में हीट वेव चलने की प्रबल संभावना है।

**जयपुर और सीकर में हल्की बारिश:** प्रदेश में तेज गर्मी के बीच एक बार फिर मौसम बदल गया है। सीकर में दोपहर करीब 3:30 बजे बारिश हुई। शाम को जयपुर में बादल छाने के साथ तेज हवा चली। फिर बरसात हुई। इससे पहले रविवार सुबह भी सीकर के लोसल एरिया में बादल छाने के बाद तेज हवा चली और कई जगह हल्की बारिश हुई थी।

**प्रदेश में 25 जून के बाद आएगा मानसून:** आईएमडी के अनुसार दक्षिण-पश्चिम मानसून के 31 मई से 1 जून के आसपास केरल पहुंचने की संभावना है। मानसून के केरल पहुंचने के बाद ही अन्य राज्यों के लिए मानसून की चाल तय होगी। राजस्थान में 25 जून से 6 जुलाई के बीच मानसून पहुंचने की संभावना है।

### अंडमान-निकोबार पहुंचा मानसून

भारतीय मौसम विभाग (IMD) के मुताबिक, मानसून अंडमान-निकोबार पहुंच गया है। 31 मई तक यह केरल पहुंच जाएगा। पिछले साल भी मानसून ने अंडमान-निकोबार द्वीप समूह में 19 मई को ही दस्तक दी थी, लेकिन केरल में 9 दिन देरी से 8 जून को पहुंचा था। केरल के तिरुवनंतपुरम में तेज बारिश हुई। इसके चलते कई इलाकों में पानी भर गया। हालांकि ये प्री-मानूसन बारिश है। इस साल मानसून सामान्य तारीख से पहले ही केरल में दस्तक दे सकता है। वैसे केरल में मानसून आने की सामान्य तारीख 1 जून है। घोषित तारीख में 4 दिन कम या ज्यादा होने की गुंजाइश रखी गई है। यानी मानसून 28 मई से 3 जून के बीच कभी भी आ सकता है। आईएमडी के अनुसार, मानसून के मध्य प्रदेश में 16 से 21 जून, यूपी में 18 से 25 जून और बिहार-झारखंड में 18 जून तक पहुंचने के आसार है।

## जयपुर के दंपती पर कश्मीर में टेररिस्ट अटैक

# आतंकी हमले में घायल युवक की निकालनी पड़ी एक आंख

**बेधड़क** | जयपुर

कश्मीर के अनंतनाग जिले में शनिवार को हुए आतंकी हमले में घायल हुए जयपुर के दंपती का श्रीनगर के जीएमसी हॉस्पिटल में उपचार जारी है।

जयपुर के ये दंपती करीब 50 लोगों के ग्रुप के साथ कश्मीर घूमने गए थे, जहां एक रिसॉर्ट में दो आतंकियों ने फायरिंग की। गोली लगने से फरहा और तबरेज गंभीर रूप से घायल हो गए थे। तबरेज के परिजनों के अनुसार कश्मीर में आतंकवादी हमले में घायल तबरेज और फरहा का श्रीनगर के जीएमसी हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। तबरेज के सिर में आंख के पास गोली लगी है। तबरेज का सुबह करीब 3 बजे ऑपरेशन किया गया। उसकी एक आंख डैमेज होने के कारण निकाली गई है। वहीं, नाक की हड्डी टूटने से ब्लड बहना रुक नहीं रहा है। नाक की हड्डी के लिए तबरेज का दूसरा ऑपरेशन होगा। फरहा के कंधे पर गोली लगी। तबरेज के बाद फरहा का भी ऑपरेशन किया गया। फरहा के कंधे में रॉड डाली गई है। अब स्थिति पहले से ठीक है। 5 साल के जुड़वा बेटा-बेटी को श्रीनगर आर्मी कैंप में रखा गया है। उनके परिजनों ने एयरलिफ्ट कर दिल्ली ले जाने और एम्स में उपचार करवाने की सरकार से गुहार लगाई है।



### CM ने सहायता का दिया आश्वासन

इधर, राज्य सरकार ने घायल दंपती को हरसंभव मदद मुहैया करवाने की बात कही है। इसको लेकर मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने निर्देश जारी किए हैं। सीएम ने जम्मू-कश्मीर के अनंतनाग में आतंकी हमले में घायल हुए जयपुर निवासी तबरेज और फराह की हरसंभव मदद के लिए अधिकारियों को निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री कार्यालय ने घायल दंपती के परिजनों से फोन पर बातचीत कर मदद देने का आश्वासन दिया है।

### कांग्रेस ने आर्थिक मदद देने की रखी मांग

जयपुर शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष आरआर तिवाड़ी ने सरकार से मांग की है कि आतंकी हमले में घायल हुए तबरेज और फरहा को 5-5 लाख की आर्थिक मदद मुहैया करवाई जाए। इस संबंध में उन्होंने जयपुर कलेक्टर प्रकाश राजपुरोहित से भी बात की। इसके साथ ही उन्होंने कश्मीर घूमने गए लोगों की सुरक्षित वापसी की भी मांग की है।

## RBSC 12:15 बजे घोषित करेगा परिणाम

# 12वीं साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स का रिजल्ट आज

**बेधड़क** | जयपुर

राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से 12वीं साइंस, कॉमर्स और आर्ट्स का रिजल्ट सोमवार दोपहर सवा 12 बजे घोषित किया जाएगा। इसके लिए बोर्ड प्रशासन ने सभी तैयारी पूरी कर ली हैं। तीनों विषय में कुल 8 लाख 66 हजार 270 स्टूडेंट्स रजिस्टर्ड थे। यह परिणाम बोर्ड की वेबसाइट www.rajeduboard.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध होगा। संभागीय आयुक्त महेश चंद्र शर्मा रिजल्ट जारी करेंगे। इस बार आर्ट्स, साइंस और कॉमर्स तीनों के रिजल्ट एक साथ आएंगे। इससे पहले कोरोना काल में तीनों विषयों का एक साथ रिजल्ट आया था। बोर्ड इतिहास में यह दूसरी बार होगा। इसके साथ ही वरिष्ठ उपाध्याय परीक्षा का परिणाम भी जारी होगा। इसमें कुल 3671 विद्यार्थी रजिस्टर्ड हैं। बोर्ड की ओर से इस साल यह पहला रिजल्ट होगा।

## खराब मौसम के कारण रेस्क्यू में दिक्कत

# क्रैश के बाद नहीं मिल रहा ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी का हेलिकॉप्टर

- राष्ट्रपति के काफिले में शामिल तीन में से एक हेलिकॉप्टर हुआ दुर्घटनाग्रस्त
- रईसी के साथ ही ईरान के विदेश मंत्री भी हेलिकॉप्टर में थे सवार
- PM नरेंद्र मोदी ने कहा हेलिकॉप्टर क्रैश की खबर से हूं चिंतित

**बेधड़क** | दुबई

ईरान के राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी को लेकर जा रहे काफिले का हेलिकॉप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो गया है। रिपोर्ट में ये दावा किया जा रहा है कि राष्ट्रपति के काफिले में शामिल हेलिकॉप्टर ईरान के अजरबैजान प्रांत में दुर्घटनाग्रस्त हुआ है। हेलिकॉप्टर के क्रैश (हार्ड लैंडिंग) होने की वजह का अभी पता नहीं चल सका है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, काफिले के एक हेलिकॉप्टर में ईरानी राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के साथ ही ईरान के विदेश मंत्री हुसैन अमीर-अब्दोल्लाहियन भी सवार हैं। ईरानी राष्ट्रपति के काफिले में तीन हेलिकॉप्टर थे और इनमें से दो हेलिकॉप्टर सुरक्षित अपने गंतव्य पर उतर चुके हैं। उधर, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सोशल मीडिया के जरिए कहा कि ईरान के राष्ट्रपति रईसी के हेलिकॉप्टर क्रैश की खबर से चिंतित हूं। मैं उनके जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हम इस मुश्किल घड़ी में ईरान के साथ हैं।

गृह मंत्री अहमद वाहिदी ने सरकारी टीवी से कहा कि राष्ट्रपति और उनके साथ कुछ लोग हेलिकॉप्टर से वापस जा रहे थे। खराब मौसम और कोहरे के कारण हेलिकॉप्टर को आपात स्थिति में उतारना पड़ा। उन्होंने कहा कि विभिन्न बचाव दल क्षेत्र में जा रहे हैं, लेकिन खराब मौसम और कोहरे के कारण उन्हें हेलिकॉप्टर तक पहुंचने में समय लग सकता है।




### बांध का उद्घाटन करने गए थे अजरबैजान

इब्राहिम रईसी रविवार तड़के अजरबैजान के राष्ट्रपति इल्हाम अलीयेव के साथ बांध का उद्घाटन करने के लिए अजरबैजान में थे। यह तीसरा बांध है, जिसे दोनों देशों ने अरास नदी पर बनाया है। रईसी ईरान के पूर्वी अजरबैजान प्रांत में जा रहे थे। 63 साल के रईसी कट्टरपंथी हैं, जिन्होंने पूर्व में देश की न्यायपालिका का नेतृत्व किया था। उन्हें ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई के करीबी के रूप में देखा जाता है। कुछ विश्लेषकों का कहना है कि वह 85 वर्षीय नेता खामेनेई की मृत्यु या पद से इस्तीफा देने के बाद उनकी जगह ले सकते हैं। रईसी ने ईरान का 2021 का राष्ट्रपति चुनाव जीता था।

### क्या होती है हार्ड लैंडिंग

किसी भी हेलिकॉप्टर की हार्ड लैंडिंग करने की वजह अलग-अलग हो सकती है। इसमें इंजन में खराबी आने, नेविगेशन सिस्टम फेल हो जाने के अलावा विजिविलिटी नहीं होने और मौसम प्रतिकूल होने की वजह से हार्ड लैंडिंग की जाती है। राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी के हेलिकॉप्टर का जहां तक सवाल है, उनके हेलिकॉप्टर के हार्ड लैंडिंग की वजह मौसम का खराब होना माना जा रहा है।

## जरूरी खबर

### 850 गांजे के पौधे किए जब्त, आरोपी हुआ फरार



**चाकसू।** इलाके के छांदेल गांव में बीते शनिवार को पुलिस व डीएसटी टीम ने संयुक्त रूप से नशे के खिलाफ कार्रवाई करते हुए गांजे की खेती का भंडाफोड़ किया है। पुलिस के मुताबिक आरोपी खेती की आड़ में गांजे की फसल उगा रहा था। हालांकि पुलिस कार्रवाई से पहले आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने मौके से 850 गांजे के पौधे डंटल समेत यानि 84 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस थाने के एसआई दिनेश भट्ट ने बताया कि आरोपी खेत मालिक नाथूलाल पुत्र कल्याण जाट के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।

### जूली और पायलट ने किया हरियाणा में चुनाव प्रचार

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली हरियाणा में लोकसभा चुनावों में कांग्रेस प्रत्याशियों के चुनाव प्रचार में जुटे हैं। रविवार को टीकाराम जूली ने हरियाणा के भिवानी-महेंद्रगढ़ से कांग्रेस प्रत्याशी राव दान सिंह के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित किया। पूनियां ने भिवानी महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के नांगल चौधरी विधानसभा क्षेत्र में जनसभा को संबोधित करते हुए आमजन से कांग्रेस पार्टी के लिए मत और समर्थन मांगा। इस दौरान जूली के साथ पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट भी मौजूद रहे।

### टोल प्लाजा पर कार ट्रक से भिड़ी, हुआ हंगामा



**चाकसू।** इलाके के शिवदासपुरा बरखेड़ा टोल प्लाजा पर उस वक्त अच्छा खासा हंगामा हो गया। जब ट्रक चालक के ट्रक को बेक लेने पर पीछे खड़ी कार से टकरा गया। हालांकि घटना में कोई हताहत नहीं हुआ, लेकिन कार को कुछ नुकसान हो गया। जिससे कार में सवार महिला-पुरुष उखड़ गए। उन्होंने रोष व्यक्त करते हए ट्रक चालक की पिटाई तक कर दी। जिससे टोल पर लोगो की भीड़ जमा हो गयी। गौरतलब है कि रविवार को बरखेड़ा टोल पर एक ट्रक का टोल नहीं कटा तो, टोल बुकिंग वाले ने चालक को ट्रक को पीछे लेने को कहा, इस पर ज्योही ट्रक को पीछे लिया तो, इसके पीछे खड़ी कार से यह टकरा गया।

---

आरएसएस स्वयंसेवकों के 'कार्यकर्ता विकास वर्ग- प्रथम' शुभारंभ में बोले क्षेत्र प्रचारक निंबाराम

# कार्यकर्ता की गुणवत्ता से स्वत: ही बढ़ जाती है कार्य की गुणवत्ता

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ राजस्थान क्षेत्र के तीनों प्रान्तो के स्वयंसेवकों का 'कार्यकर्ता विकास वर्ग- प्रथम' का शुभारम्भ वैशाख शुक्ल एकादशी को कोटा में हुआ।

वर्ग का प्रारम्भ में वर्ग के सर्वाधिकारी जगदीश सिंह राजपुरोहित जोधपुर, राजस्थान क्षेत्र प्रचारक निंबाराम तथा वर्ग के पालक अधिकारी मनोज कुमार ने भारतमाता के चित्र के समक्ष पुष्पार्पित एवं दीप प्रज्वलन कर वर्ग का विधिवत शुभारंभ किया। वर्ग की जानकारी देते हुए प्रान्त प्रचार प्रमुख राजेन्द्र लालवानी ने बताया कि इस वर्ग में राजस्थान की संघ रचना के 22



विभागों से 359 शिक्षार्थी सहभागिता कर रहे हैं। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए निंबाराम ने कहा कि संघ की 99 वर्ष की यात्रा में आपातकाल व कोरोनाकाल को छोड़कर प्रतिवर्ष ग्रीष्मकालीन अवकाश में संघ के प्रशिक्षण वर्ग लगते आए हैं। "कार्यकर्ता विकास वर्ग- प्रथम' विशेष रूप से प्रवासी कार्यकर्ता यानि एक शाखा से अधिक शाखाओं की जिम्मेदारी निभाने वालों के लिए यह प्रशिक्षण है।

### संपर्क और संवाद से शत प्रतिशत जोड़ने का प्रयास

संघ शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार व मजबूती तथा समाज से अधिक से अधिक सम्पर्क व संवाद के द्वारा विचार से शत प्रतिशत समाज को जोड़ने का प्रयास प्रवासी कार्यकर्ताओं के माध्यम से किया जाएगा। 'कार्यकर्ता विकास वर्ग - प्रथम' कोटा में 40 प्रबंधक, 43 शिक्षक व 22 विभाग प्रमुख उपस्थित हैं। वर्ग में सेवा, संपर्क व प्रचार का व्यवहारिक प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

### "डिजिटल प्रदर्शनी का किया शुभारम्भ"

क्षेत्र प्रचारक निम्बाराम द्वारा वर्ग में प्रचार की गतिविधियों के प्रदर्शनी के लिए स्मार्ट स्क्रीन बोर्ड के द्वारा प्रचार की प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया गया।



### प्रशिक्षण वर्गों की भी भूमिका

कार्यकर्ता की गुणवत्ता का श्रेष्ठ स्तर निर्माण के लिए प्रशिक्षण वर्गों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। कार्यकर्ता की गुणवत्ता बढ़ने से कार्य की गुणवत्ता स्वत: बढ़ती है। प्रशिक्षित एवं योग्य कार्यकर्ता का प्रभाव कार्य क्षेत्र में भी दिखाई देता है। आज के समय में समाज परिवर्तन व सर्जन शक्ति को जोड़ना संघ शताब्दी वर्ष में कार्य का मुख्य लक्ष्य है। विकास वर्ग में समाज परिवर्तन की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया जाएगा। इसके लिए कार्यकर्ता के व्यवहार में पंच परिवर्तनों पर आग्रह किया जा रहा है। जो समाज परिवर्तन के लिए आवश्यक हैं।

---

सांपला में दीनबंधु सर छोटूराम को डॉ. सतीश पूनियां ने किया नमन

# हरियाणा की सभी 10 सीटें BJP को देगी जनता: पूनियां

- किसान एवं युवा हितैषी नीतियों से मोदी तीसरी बार बनेंगे पीएम
- पीएम के नेतृत्व में देश की आंतरिक और बाह्य सुरक्षा मजबूत

**बेधड़क** | जयपुर

भाजपा हरियाणा प्रदेश लोकसभा चुनाव प्रभारी एवं भाजपा राजस्थान पूर्व प्रदेशाध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां और राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री सुमित गोदारा ने रोहतक लोकसभा क्षेत्र के सांपला में किसान मसीहा दीनबंधु सर छोटूराम को नमन कर देश एवं प्रदेश के किसानों के हितों के लिए उनके द्वारा किये गये उल्लेखनीय कार्यों को याद कर नई पीढ़ी को उनका अनुशरण करने का आह्वान किया।

सतीश पूनियां और सुमित गोदारा ने सांपला में किसानों एवं युवाओं से संवाद कर रोहतक से भाजपा प्रत्याशी अरविंद शर्मा को भारी मतों से जिताकर विश्व के लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का आह्वान किया। डॉ. पूनियां ने कहा कि रोहतक से लेकर हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों पर भाजपा को जिताने का यहां की जनता ने मन बना लिया है, किसान एवं युवा हितैषी नीतियों से नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री



बनेंगे, जिससे हरियाणा से लेकर पूरे देश को विकसित बनाने का कार्य संकल्प और प्रतिबद्धता के साथ होगा।

### प्रदेश की सभी 25 सीटों पर खिलेगा कमल: मुकेश पारीक



जयपुर। लोकसभा चुनाव के पांचवे और छठे चरण के लिए चुनाव प्रचार पीक पर है। ऐसे में भाजपा प्रदेश पदाधिकारी दक्षिण भारत के राज्यों में चुनाव प्रचार की कमान संभाले हुए हैं। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने बताया कि भाजपा के प्रदेश पदाधिकारियों को दक्षिण भारत के आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, कर्नाटक, तमिलनाडु और हरियाणा, दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों में चुनाव प्रचार का दायित्व मिला है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत संकल्प 2047 के विजन पर देश की जनता उनके साथ है। आज भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया में पांचवे नंबर पर है जो कि अपने आप में रिकॉर्ड है। पीएम मोदी का लक्ष्य है कि अगले कार्यकाल में देश की अर्थव्यवस्था को तीसरे नंबर पर लाएंगे। भाजपा प्रदेश कार्यालय प्रभारी मुकेश पारीक ने कहा कि आज प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत आंतरिक और बाह्य सुरक्षा के क्षेत्र में मजबूत हुआ है। यूपीए शासनकाल में देश के भीतर आतंकी घटनाएं आम हो गई थी, लेकिन बीते दस सालों में देश में आतंकी घटनाएं तो दूर किसी की हिम्मत नहीं जो भारत की ओर आंख उठाकर भी देखे। प्रदेश की जनता सभी 25 सीटों पर कमल खिलाकर विजयमाला प्रधानमंत्री मोदी को पहनाएंगे।

---

आज से 3 दिवसीय प्रदेश के दौरे पर

# गोविंददेव जी मंदिर के साथ अन्य पर्यटन स्थलों को निहारेंगी जशोदा बेन



**बेधड़क** | जयपुर

जशोदा बेन मोदी सोमवार से तीन दिवसीय राजस्थान दौरे पर हैं। जशोदा बेन मोदी सोमवार को सुबह 10:00 बजे उंझा से रवाना होकर ओम मंदिर पाली के दर्शन के बाद जयपुर पहुंचेगी। इसके बाद करीब शाम 8:00 बजे अशोक अग्रवाल प्रतापगढ़ी पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा अलवर के निवास ए/402-403 अमृत कलश सोसायटी टोंक रोड के निवास पर भोजन और रात्रि विश्राम करेंगी।

अगले दिन 21 मई मंगलवार को सुबह 9:00 बजे अमृत कलश से रवाना होकर गोविंद देव जी मंदिर दर्शन के लिए पहुंचेंगी। यहां जशोदा बेन पूजा अर्चना करेंगी। इसके बाद वह सिटी पैलेस और जंतर मंतर का अवलोकन भी करेंगी। यहां से रवाना होकर जल महल देखते हुए नाहरगढ़ किले का अवलोकन करने के उपरांत जयगढ़ और आमेर महल देखकर माताजी के मंदिर में पूजा अर्चना कर खोले वाले हनुमान जी और माता के मंदिर में पूजा अर्चना करने के उपरांत होटल लेमन ट्री अलवर के लिए प्रस्थान करेंगी।

22 मई बुधवार सुबह 8:00 बजे अलवर से रवाना होकर जशोदा बेन मोदी पांडुपोल हनुमान मंदिर पर पूजा अर्चना करने के लिए पहुंचेंगी। यहां से वापस अलवर होटल में भोजन कर धौलागढ़ देवी माता के दर्शन करने के लिए रवाना होंगी। माता के पूजा अर्चना कर वापस अलवर बिलखा रिजॉर्ट कटी घाटी में भोजन कर उंझा के लिए प्रस्थान करेंगी।

---

रोडवेज एमडी ने किया सवाईमाधोपुर बस स्टैंड का दौरा

# गर्मी में यात्रियों के लिए पेयजल सहित हों सभी बुनियादी सुविधाएं

**बेधड़क** | जयपुर

रोडवेज अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक श्रेया गुहा रविवार को एकदिवसीय दौरे पर सवाईमाधोपुर पहुंची। इस दौरान उन्होंने सवाईमाधोपुर रोडवेज बस स्टैंड एवं कार्यशाला का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान गुहा ने भीषण गर्मी से यात्रियों को राहत दिलाने के लिए पेयजल समेत सभी बुनियादी सुविधाओं के पुख्ता इंतज़ाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान रोडवेज अध्यक्ष के साथ आगर मुख्य प्रबंधक गजानंद जांगिड़ सहित प्रबंधक संचालन दिलीप शर्मा प्रबंधक वित्त कपूरचंद जैन



एवं अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। रोडवेज सीएमडी रोडवेज डिपो की व्यवस्थाओं एवं साफ- सफाई से संतुष्ट नजर आई तथा परिसर में खाली जगह में और अधिक पौधारोपण करने के अधिकारियों को विशेष रूप से निर्देश दिए तथा आगार परिसर में सामुदायिक शौचालय उपयोग में आने के कारण अन्य अनुपयोगी यूरिनल को हटाने के लिए भी निर्देशित किया गया। बस स्टैंड पर मौजूद यात्रियों से भी फीडबैक लिया गया जिसमें यात्रियों को पानी छाया एवं बैठने की व्यवस्था तथा रोडवेज में यात्रा के दौरान उनके अनुभव के बारे में पूछा गया तो यात्री रोडवेज स्टैंड की व्यवस्था एवं रोडवेज बस में यात्रा के दौरान रोडवेज सेवा से संतुष्ट नजर आए। कार्यशाला एवं स्टोर के निरीक्षण के दौरान कार्यशाला में मौजूद स्क्रैप को केंद्रीय कार्यशाला भिजवाने के लिए तथा प्रबंधक संचालन को कार्यशाला में और अधिक साफ सफाई रखने के लिए निर्देशित किया गया।

---

1100 परिंडे बांधने का तय किया लक्ष्य, गौशाला का लिया जायजा

# विधायक बैरवा ने समझा पशुओं का दर्द

**बेधड़क** | चाकसू

चाकसू विधायक रामावतार बैरवा का इन दिनों बेजुबान पशुओं व पक्षियों के प्रति भीष्ण गर्मी में अटूट प्रेम देखने को मिल रहा है। जहां विधायक बैरवा ने पक्षियों के 1100 परिण्डे बांधने का लक्ष्य तय किया है। उसके बाद रविवार दोपहर अब वे इस भीष्ण गर्मी व चिलचिलाती धूप में चाकसू के बायपास स्थित श्रीकामधेनु गौशाला पहुँच गए।

जहां बेजुबान पशुओं के संचालन में की जा रही व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस मौके पर विधायक बैरवा ने कहा कि इस भीषण गर्मी के मौसम में इंसान ही नहीं, पशु-पक्षी भी बेहाल हो रहे है। पशुओं में भी लू





लगने का भी खतरा रहता हैं। वही, गौशाला कार्यकर्ताओं का गोसेवा के प्रति समर्पण भाव देखकर विधायक गदगद हुए।

उन्होंने गायों को चारा-पानी डालकर गोवंश की सेवा की और गौशाला में चारा पानी संचालन व्यवस्था में सहयोग का भरोसा दिलाया। परिसर में बेजुबान पक्षियों के लिए भी परिंड़े भी बांधे।

श्याम बाबा परिंडा लगाओ अभियान की शुरुआत की। इस दौरान गोसेवक व अन्य मौजूद रहें। अभियान में दूसरी तरफ भाजपा नगर अध्यक्ष रामधन सैनी, नमो ऐप के अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा, विनोद शर्मा, भंवर शर्मा, युवा कार्यकर्ता योगेश कुमावत, विनोद अलसौरा ने मिलकर बेजुबान पक्षियों के लिए कई स्थानों पर परिंडे बांधे। नगर अध्यक्ष रामधन सैनी ने बताया कि इस समय इससे बड़ा पुण्य का कोई कार्य नहीं हैं।

---

राष्ट्रीय सहकार मेला: जवाहर कला केंद्र में 28 मई तक चलेगा

# नौ दिन राजधानी में एक ही छत के नीचे मिलेंगे मसाले और अन्य उत्पाद

**बेधड़क** | जयपुर

राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला का रविवार को जवाहर कला केन्द्र में उद्घाटन हुआ। सहकारिता की शासन सचिव शुचि त्यागी एवं रजिस्ट्रार अर्चना सिंह की उपस्थिति में सहकारी समितियों की महिला समूहों की ओर से दीप प्रज्वलित कर मसाला मेले का आगाज हुआ।

गौरतलब है कि जयपुरवासियों की पहली पसन्द बन चुके इस मेले का, शहरवासी बेसब्री से इन्तजार करते हैं। सहकारिता विभाग 20 वर्षों से अधिक समय से एक ही प्लेटफार्म पर गुणवत्तापूर्ण मसाले



जयपुरवासियों के लिए उपलब्ध करा रहा है। मेले में तमिलनाडु, उत्तराखंड, केरल, पंजाब एवं बिहार की सहकारी संस्थाओं सहित अन्य सहकारी समितियों की 119 स्टॉल पर उत्पाद बिक्री के लिए उपलब्ध हैं। इससे जयपुरवासियों को एक छत के नीचे विभिन्न प्रदेशों के उत्कृष्ट उत्पाद मिल सकेंगे। प्रतिस्पर्धा के युग में लोगों का सहकारी उत्पादों पर विश्वास बढ रहा है।

### मसालों के साथ शरबत की खुशबू के उत्पाद भी उपलब्ध

इस बार राष्ट्रीय सहकार मसाला मेला में साबुत एवं पीसे हुए मसालों के साथ-साथ ठण्डक देने के लिये शरबत एवं ठण्डाई की विशेष उत्पाद उपलब्ध कराए गए हैं। उदयपुर भण्डार एवं राजसमन्द भण्डार द्वारा खस, पान, गुलाब आदि शरबत की विस्तृत रेंज शहरवासियों के लिए लाई गई है।

### मेले को साकार करने के लिए इन्होंने संभाला मोर्चा

इस मौके पर अतिरिक्त रजिस्ट्रार प्रथम राजीव लोचन शर्मा, मेला प्रबंध समिति के अध्यक्ष विजय कुमार शर्मा, अतिरिक्त रजिस्ट्रार (द्वितीय) शोभिता शर्मा, कॉनफैड की प्रबंध निदेशक, शिल्पी पांडे सहित विभाग के अधिकारी, कर्मचारी एवं सहकारजन उपस्थित थे।



### केरल और तमिलनाडू के उत्पाद रहे आकर्षण के केंद्र

शासन सचिव एवं रजिस्ट्रार ने मेले में सहकारी संस्थाओं की स्टॉल का दौरा किया तथा उनके द्वारा जयपुरवासियों के लिए लाए गए विशिष्ट मसाला उत्पादों की जानकारी प्राप्त की। मेले में केरल एवं तमिलनाडु की सहकारी समितिओं की ओर से हल्दी, मिर्ची, नारियल तेल, केरल चिप्स, मसाले, नमकीन सहित कई विशिष्ट उत्पाद बिक्री के लिये आकर्षण का केन्द्र है।

## जरूरी खबर

### 14 ट्रेनें रद्द, इनमें से 4 राजस्थान से चलने वाली



**जयपुर।** पंजाब में जारी किसान आंदोलन के कारण उत्तर पश्चिम रेलवे ने राजस्थान से संचालित होने वाली 4 ट्रेनों के साथ ही कुल 14 ट्रेनों को 3 दिन के लिए रद्द कर दिया है। इसके साथ ही 12 ट्रेनों के रूट में भी बदलाव किया गया है। इसमें राजस्थान से चलने वाली 10 ट्रेन शामिल हैं। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण ने बताया- किसान आंदोलन की वजह से श्रीगंगानगर से ऋषिकेश और चूरू से लुधियाना जाने वाली ट्रेन को एक बार फिर 3 दिन के लिए रद्द किया गया है। रेलवे प्रबंधन के अनुसार, आंदोलन के कारण रेलवे की संपत्ति और यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर ट्रेन कैंसिल की जा रही है। आंदोलन जितना लंबा चलेगा, यात्रियों की परेशानी उतनी ही बढ़ने की संभावना है।

### बुराई छोड़ने और अच्छाई ग्रहण करने का संकल्प

**जयपुर।** मानसरोवर स्थित भृगु अपार्टमेंट में रविवार को 12 घरों में गृहे-गृहे गायत्री यज्ञ की श्रृंखला में गायत्री यज्ञ करवाया गया। अरविंद गुप्ता, हेमलता और भृगु अपार्टमेंट के परिजनों के सहयोग एवं गायत्री परिजनों की 12 टोलियों के माध्यम से यह श्रेष्ठ कार्य संपन्न कराया गया। गायत्री परिवार के मुताबिक यज्ञ के माध्यम से वैज्ञानिक अध्यात्मवाद का प्रतिपादन करते हुए प्रत्येक घर में देव स्थापना की गई। गंगाजली स्थापना करने के साथ ही अखंड ज्योति पत्रिका का वितरण भी किया गया। यज्ञीय प्रेरणा के माध्यम से विचार क्रांति अभियान का बीजारोपण किया गया। इस दौरान एक बुराई छोड़ने और एक अच्छाई ग्रहण करने का सभी ने संकल्प लिया। रविवार सुबह प्रभात फेरी युग निर्माण के साथ व्यसन मुक्ति आंदोलन के अन्तर्गत निकाली गई। इसमें नारे लगाते हुए युग निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित किया गया।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

**मुख्य सचिव सुधांश पंत ने बिजली, पेयजल, चिकित्सा एवं गुड गवर्नेंस से संबंधित बैठक में दिए निर्देश**

# अपने क्षेत्र की व्यवस्थाओं के लिए उत्तरदायी होंगे कलेक्टर

बेधड़क | जयपुर



मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि सभी अधिकारी जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप धरातल पर रहकर कार्य करें। समस्याओं का पूर्ण रूप से निस्तारण करते हुए पानी, बिजली और चिकित्सा जैसी आवश्यक सेवाओं का नियमित रूप से निरीक्षण कर पाई जाने वाली समस्याओं का भी शीघ्र निस्तारण करें। वह अपने क्षेत्र की व्यवस्थाओं के लिए उत्तरदायी होंगे।

मुख्य सचिव रविवार को शासन सचिवालय में बिजली, पेयजल, चिकित्सा एवं गुड गवर्नेंस से संबंधित आयोजित बैठक में वीडियो कॉन्फ्रेंस माध्यम से प्रदेश के संभागीय आयुक्त एवं जिला कलक्टरों एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारियों के कार्यो की समीक्षा कर रहे थे। मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि जल जीवन मिशन की जिला वाटर एवं सेनिटेशन मिशन की तरह संभाग स्तरीय अधिकारियों को सम्मिलित करते हुए संभाग स्तर पर भी कमेटी का गठन किया जाए।

### रात्रि चौपाल में सुनें समस्याएं

पंत ने कहा कि संभागीय आयुक्त, जिला कलक्टर सहित अन्य अधिकारी तहसील एवं उपखण्ड स्तर पर रात्रि चौपाल आयोजित कर आमजन की समस्याओं को सुने। रात्रि चौपाल के दौरान अधिकारी राजकीय सुविधा का ही उपयोग करें। सभी विभाग एवं अधिकारी मिलकर जल संरक्षण एवं वर्षा जल संग्रहण को महत्व दे एवं प्रत्येक परिवार को पेड़ लगाने व बचाने के लिए प्रेरित करें व पर्यावरण शुद्धि के लिए ज्यादा से ज्यादा पेड़ लगावाने और उनके संरक्षण के लिए आमजन को जागरूक किया जाये।

### बैठक में ये रहे मौजूद

बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, गृह, आपदा प्रबन्धन एवं सहायता श्री आनंद कुमार, प्रमुख शासन सचिव, उद्योग श्री अजिताभ शर्मा, जलदाय शासन सचिव डॉ. समित शर्मा, प्रबन्ध निदेशक, जयपुर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड श्री भानू प्रकाश अटरू, मिशन निदेशक एन.एच.एम डॉ. जितेन्द्र सोनी, जल जीवन मिशन निदेशक श्री बचनेश अग्रवाल सहित संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### जरूरत पड़े तो अतिरिक्त बिजली खरीदें

मुख्य सचिव ने बिजली विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि इस गर्मी के मौसम में विशेष रूप से सांयकाल एवं रात्रि के समय बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करे एवं यदि आवश्यकता पड़े तो अतिरिक्त विद्युत क्रय करे। उन्होंने कहा कि बिजली, पेयजल और चिकित्सा की आवश्यकताओं को उचित प्रबन्धन से पूर्ण किया जाये और इन विभागों के अधिकारियों को यदि धरातल पर कोई समस्या आती है तो पूरा प्रशासन साथ मिलकर इनका सहयोग करें। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन कार्यक्रम में किसी प्रकार की लापरवाही या अनियमितता नहीं होनी चाहिए। सभी कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ नियमानुसार एवं गाईडलाइन के अनुसार समय पर पूर्ण करवाये जाएं। उन्होंने राजस्थान सम्पर्क पोर्टल पर दर्ज प्रकरणों का निस्तारण निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्वक पूर्ण करने के निर्देश दिए।

**छुट्टी के दिन जेडीए की अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई**

# गेट पर ईंटों की दीवार बनाकर एक स्कूल, दो फैक्ट्रियों को किया सीज

**नोटिस जारी कर समय देने के बाद भी नहीं हटाया था अतिक्रमण**

बेधड़क | जयपुर

नोटिस जारी कर समय देने के बाद भी अवैध निर्माण नहीं हटाया तो जेडीए ने झोटवाड़ा में एक स्कूल और दो फैक्ट्रियों को गेट पर ईंट की दीवार बनाकर सीज कर दिया।

जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) के अधिकारियों ने रविवार को छुट्टी के दिन भी अवैध निर्माण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया। जेडीए की टीम ने जोन 12 में झोटवाड़ा स्थित कृषि भूमि पर बनाए गए अवैध स्कूल और दो फैक्ट्रियों को सीज कर दिया। जेडीए अधिकारियों ने बताया कि अवैध निर्माण करने वालों को पहले नोटिस जारी कर समय दिया गया था, लेकिन इसके बाद भी उन्होंने अवैध निर्माण नहीं हटाया। इसके बाद आज जयपुर विकास प्राधिकरण की टीम ने सीज की कार्रवाई को अंजाम दिया है।







### झोटवाड़ा क्षेत्र में कृषि भूमि पर चल रही थी स्कूल और फैक्ट्री

जयपुर विकास प्राधिकरण के मुख्य प्रवर्तन अधिकारी ने बताया कि जेडीए के जोन 12 स्थित झोटवाड़ा क्षेत्र में कृषि भूमि पर व्यवसायिक गतिविधियां की जा रही थी। इसके खिलाफ रविवार को नांगल जैसा बोहरा क्षेत्र में नियमों के विपरीत बने किड्स ओरिजिनल स्कूल कैंपस को सीज किया गया है। इंदौरा नगर में अवैध रूप से संचालित कपड़ों की फैक्ट्री को भी सीज किया है। यहां दरवाजे ईंटों की दीवार बनाकर अवैध निर्माण को सीज कर दिया गया है।

### मुरलीपुरा में भी हुआ एक्शन

जेडीए की टीम ने मुरलीपुरा इलाके में नीलगिरी कॉलोनी में अवैध रूप से कृषि भूमि पर बनाई गई गत्ता फैक्ट्री को भी सीज किया है। यहां भी अवैध निर्माणकर्ता को नोटिस जारी कर फैक्ट्री हटाने की मोहलत दी गई थी। जब निर्माणकर्ता द्वारा समय रहते अवैध निर्माण को नहीं हटाया गया तो जयपुर विकास प्राधिकरण की टीम ने दरवाजे पर दीवार बनाकर अवैध फैक्ट्री को सीज कर दिया है। इसका खर्चा अवैध निर्माणकर्ता से ही वसूला जाएगा।

### मोहिनी एकादशी पर मंदिरों में धार्मिक आयोजन



**जयपुर।** मोहिनी एकादशी रविवार को मनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों में धार्मिक आयोजन किए गए। ठाकुरजी का विशेष श्रृंगार किया गया। धार्मिक शास्त्रों के अनुसार एकादशी सभी पापों को हरने वाली उत्तम तिथि है। इस दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु की पूजा-अर्चना की जाती है। इसके साथ ही दान पुण्य करने का विशेष महत्व होता है। ज्योतिषाचार्य के अनुसार यह तिथि 18 मई शनिवार को सुबह 11 बजकर 23 मिनट से शुरू हो गई थी जो 19 मई को दोपहर 1 बजकर 51 मिनट तक रही। उदया तिथि के आधार पर मोहिनी एकादशी का व्रत रविवार को ही रखा गया। इस बार मोहिनी एकादशी पर हस्त्र नक्षत्र व रविवार का संयोग होने से सर्वार्थ सिद्धि व अमृत सिद्धि का भी योग बना, जो इस व्रत के लिए विशेष फलदायी रहा। श्री गोविंददेवजी मंदिर में मोहिनी एकादशी के मौके पर श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या में भीड़ दर्शन करने पहुंची। श्री शुक संप्रदाय के पीठाधीश्वर अलबेली माधुरी शरण महाराज ने बताया कि एकादशी का व्रत करने से भगवत चरणों की प्राप्ति होती है।

**ACS शुभ्रा सिंह ने जिला कलेक्टर्स को लिखे पत्र**

# लू और हीटवेव से बचाने के प्रबंध करें

बेधड़क | जयपुर



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने तेज गर्मी एवं लू की स्थिति के दृष्टिगत सभी जिला कलेक्टर्स को पत्र लिखकर आवश्यक प्रबंध सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही, विभिन्न विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुए व्यवस्थाओं की गहन मॉनिटरिंग करने के भी निर्देश दिए हैं।

सिंह ने पत्र में कहा है कि अत्यधिक गर्मी को देखते हुए मानव जीवन को सुरक्षित रखना हमारा प्रमुख दायित्व है। हीट वेव रिलेटेड बीमारियों के संबंध में भारत सरकार ने अलर्ट जारी किया है। आपातकालीन सेवाओं के संचालन हेतु विभिन्न बैठकों, प्रशिक्षण कार्यक्रमों, मॉक ड्रिल, तथा वीसी के माध्यम से सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित की गई हैं। विभाग बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के साथ ही जन-जागरूकता गतिविधियां भी आयोजित कर रहा है।

### विभागों से समन्वय कर बनाएंगे कार्ययोजना

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा है कि व्यवस्थाओं के संबंध में वन विभाग, राजस्थान पॉल्यूशन कन्ट्रोल बोर्ड, आपदा प्रबन्धन विभाग, कृषि विभाग, ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग, महिला एवं बाल विकास, मौसम विभाग, स्थानीय निकाय विभाग तथा जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग से समन्वय स्थापित कर कार्य-योजना बनाया जाना अपेक्षित है। चिकित्सा संस्थानों में फायर एनओसी, पानी तथा बिजली की निर्बाध आपूर्ति, ऑक्सीजन तथा एम्बुलेंस की सुविधा अत्यंत आवश्यक है।

### आपात स्थिति से सरकार को अवगत कराएं

सिंह ने जिला कलेक्टर्स से अपेक्षा की है कि वे भामाशाहों, गैर-सरकारी संगठनों, धार्मिक ट्रस्टों को प्रेरित कर तथा संबंधित विभागों के जिलाधिकारियों को उचित दिशा-निर्देश प्रदान कर लू एवं तापघात से बचाव के लिए माकूल इंतजाम सुनिश्चित करें। साथ ही, किसी तरह की आपात या असाधारण स्थिति उत्पन्न होने पर चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग तथा राज्य सरकार को तुरन्त अवगत कराएं।

### स्वच्छता प्रहरियों ने की 'विशेष सफाई'



**जयपुर।** हेरिटेज निगम के स्वच्छता प्रहरियों ने रविवार को विशेष सफाई अभियान चलाया। इसके तहत हेरिटेज निगम आयुक्त अभिषेक सुराणा के निर्देश पर उपायुक्त स्वास्थ्य सोहन सिंह नरूका के नेतृत्व में चांदपोल श्मशान घाट सहित अन्य स्थानों पर साफ सफाई की गई।

**सफाई के लिए निगम छात्रों के जरिए अभिभावकों तक बना रहा पहुंच**

# पेरेंट्स को बताएं गीला-सूखा कचरा अलग-अलग रखें

बेधड़क | जयपुर

घर में गीला और सूखा कचरा अलग-अलग रखें। शहर में स्वच्छता की मुहिम को आगे बढ़ाने वाला यह संदेश नगर निगम अब छात्रों के जरिए उनके अभभावकों तक पहुंचाने में जुटा है। हालांकि, अभी ग्रीष्मकालीन अवकाश शुरू हो गए हैं, लेकिन जिन स्कूलों में वार्षिकोत्सव या समर कैंप आयोजित किया जा रहे हैं वहां निगम प्रशासन की टीम पहुंचकर छात्रों को विभिन्न आईईसी एक्टिविटी कराते हुए स्वच्छता के प्रति जागरुक कर रही है।



इसके साथ ही छात्रों को परिजनों के साथ होम कंपोस्टिंग और गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने जैसी एक्टिविटी के टास्क भी दे रही है।

हेरिटेज नगर निगम के आयुक्त अभिषेक सुराणा ने बताया कि निगम का सेग्रीगेशन और कचरे को डोर-टू-डोर पहुंचने वाले हूपर में ही डाले जाने पर जोर है, ताकि जयपुर को स्वच्छ, सुंदर और जगमग जयपुर के रूप में देख सके।

### विभिन्न प्रतियोगिताओं से कर रहे अवेयर

उन्होंने बताया कि स्कूलों तक पहुंच बनाकर छात्रों से वेस्ट के जरिए अलग-अलग क्रिएटिव आर्ट करवाई जा रही है। बच्चों को स्वच्छता का होमवर्क कराया जा रहा है। स्कूल में अलग-अलग तरह की कविता, राइटिंग, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता भी कराई जा रही है, ताकि छात्रों में अवेयरनेस आए। अब समर वेकेशन आ गए हैं। इसलिए बच्चों को अभिभावकों का सहयोग लेकर होम कंपोस्टिंग कराने और गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने जैसी एक्टिविटी के टास्क दिए गए हैं, ताकि पूरा परिवार इससे जुड़ सके।

### सप्ताह में एक कालांश स्वच्छता के नाम

वहीं, एक स्कूल ग्रुप की निदेशक डॉ मीनाक्षी मिश्रा ने बताया कि ओपन कचरा डिपो और कचरे का सेग्रीगेशन नहीं करना ये शहर की नहीं पूरे देश की समस्या है। इसके लिए सरकार, प्रशासन प्रयास कर रहे हैं, लेकिन जिस हद तक सफलता मिलना चाहिए, उससे अभी दूर है। इसलिए अब छात्रों और पेरेंट्स को मोटिवेट किया जाएगा ताकि घरों से ही सेग्रीगेट कचरा निकले। उन्होंने कहा कि स्कूल बच्चों को शिक्षा देने का काम करता है, तो उन्हें इस ओर जागरूक करना भी नैतिक दायित्व बनता है। ऐसे में अब स्कूल में सप्ताह में एक कालांश स्वच्छता के नाम किया जाएगा। जिसमें छात्रों को थियोरेटिकल नहीं बल्कि प्रैक्टिकल वर्क कराया जाएगा।

**9 जून को विद्याश्रम में आयोजन**

# 'घट-घट के वासी राम: एक ज्ञान यात्रा' पोस्टर का विमोचन



बेधड़क | जयपुर

प्रताप सभागार, विद्याश्रम स्कूल में 9 जून को होने वाले कार्यक्रम 'घट-घट के वासी रामः एक ज्ञान यात्रा, राम से प्रभु राम तक' के पोस्टर का विमोचन रविवार को किया गया। कार्यक्रम में रामभक्त और धर्म ध्वजा वाहक पंकज ओझा भगवान राम के जीवनकाल और उनके द्वारा स्थापित आदर्शों पर विशेष चर्चा कर प्रकाश डालेंगे।

इस दौरान सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और हिंदुत्व के प्रति समर्पण और जागरूकता पर विस्तृत विचार-विमर्श हुआ।

## जरूरी खबर

### बढ़ती दुर्घटनाओं पर सैटेलाइट हॉस्पिटल की जरूरत: जैफ



**भानपुर कलां।** दौसा-मनोहरपुर हाइवे पर आंधी के पास 16 मई को बोलेरो-थार गाड़ी भिड़ंत में 5 लोगों की मौत पर समाजसेवी डॉ. विकास जैफ ने गहरी संवेदना व्यक्त की। साथ ही इस हाइवे पर बढ़ती दुर्घनाओं पर भी चिंता व्यक्त करते हुए सरकार से सड़क पर डिवाइडर लगाने, घुमाओ में चेतावनी बोर्ड लगाने तथा तेजगति वाहनों पर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हाइवे पर यातायात का दबाव दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। जिसके कारण दुर्घटनाओं का ग्राफ भी बढ़ रहा है। इसे में हाइवे पर बढ़ती दुर्घटनाओं को देखते हुए सेटेलाइट अस्पताल की आवश्यकता है।

### एक करोड़ की रंगदारी मांगने के आरोपी पकड़े

**अलवर।** जिले में शिवाजी पार्क थाना क्षेत्र में 6 दिन पहले एक रेस्टोरेंट पर फायरिंग कर एक करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में पुलिस ने रविवार को घटना में शामिल एक आरोपी उत्कर्ष उर्फ युवी जाट पुत्र अरुण (19) निवासी शाहजुद्दी थाना शाहपुर जिला मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश को ऋषिकेश से गिरफ्तार कर एक बाल अपचारी को निरुद्ध किया है। इनके पास से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त एक अवैध देशी कट्टा मय एक-एक खाली व जिंदा कारतूस तथा एक बाइक जब्त की है।

### डकैती के तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार



**प्रतापगढ़।** जिले में धमोतर थाना इलाके के नालवा रोड पर सप्ताह भर पहले तीन व्यक्तियों के साथ मारपीट कर करीब 1 लाख रुपये छीनने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को पुलिस की टीम गिरफ्तार किया है। एसपी लक्ष्मण दास ने बताया कि 12 मई को थाना देवगढ़ निवासी कन्हैया लाल मीणा ने रिपोर्ट दी कि बीती रात वह अपने तीन साथियों के साथ बोरिंग गाड़ी में बैठकर बारावरदा की तरफ से लालपुरा पठार जा रहा था। रास्ते में टीला फंटे से नालवा रोड पर उन्हें एक व्यक्ति रोड के बीच लेटे दिखने पर पास जाकर छिपे हुए बदमाशों ने मारपीट कर 1 लाख चार हजार ले गए।

---

### उपजिला अस्पताल में क्रमोन्नत होने के बाद भी नहीं सुधरी व्यवस्था

# 110 साल पुराना अस्पताल भवन, भय के साए में रहती है जिंदगी

**बेधड़क | कुचामनसिटी**

डीडवाना कुचामन जिले के नावां शहर के उपजिला अस्पताल बनने के बाद भी सुविधाओं के लिहाज से शून्य बना हुआ है।

बता दें कि यहां पूर्व में स्थित सीएचसी उपजिला अस्पताल में क्रमोन्नत होने के बाद चिकित्सक तो नियुक्त कर दिए गए। लेकिन चिकित्सकों के रहने व इलाज के लिए कक्ष भी नहीं है। जो हैं वे जर्जर अवस्था में हैं। इसके चलते चिकित्सालय में आने वाले मरीज हमेशा भय से ग्रस्त रहते हैं। वहीं लाखों रुपए की मशीनरी भवन नहीं होने के चलते धूल फांक रही है। स्थानीय वाशिंदे सुरेश शर्मा ने बताया कि शहर के मध्य में स्थित अस्पताल को गत सरकार में सीएचसी से क्रमोन्नत कर उपजिला अस्पताल का दर्जा दिया और चिकित्सकों की नियुक्तियां भी की गई। अस्पताल भवन 110 साल पुराना भवन है जो जर्जर स्थिति में है और कई बार भवन में जगह—जगह दीवारें गिर गई, तो कहीं पूरे क्वार्टर ही धराशाही हो गए। इससे पहले अस्पताल में चिकित्सकों की नियुक्ति को लेकर धरने प्रदर्शन सहित बाजार भी बंद हुए और जब अस्पताल में चिकित्सक पर्याप्त मात्रा में है, तो यहां की व्यवस्थाएं चरमराई हुई हैं। पिछली कांग्रेस सरकार में अस्पताल के नए भवन के लिए जमीन का आवंटन हुआ और नए भवन निर्माण के लिए 40 करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति भी जारी हुई। लेकिन भाजपा के पार्षदों द्वारा नए भवन के लिए आवंटित भूमि के विरोध में स्थगन आदेश ले लिया और अस्पताल बनाने का मंसूबा फेल हो गया।



#### हो चुके हैं पहले भी हादसे

डॉ. ओमसिंह शेखावत ने बताया कि नावां का उपजिला चिकित्सालय रेफरल चिकित्सालय बना हुआ है। वर्तमान में यहां कुल 12 चिकित्सक पदस्थापित हैं, लेकिन उनके बैठने के लिए व मरीजों को देखने के लिए पर्याप्त चेम्बर नहीं है। चिकित्सकों के लिए क्वार्टर नहीं हैं। इसी के साथ इलाज के लिए जरूरी उपकरणों का अभाव है। चिकित्सालय में जगह-जगह दिवारों में दरारें आई हुई हैं, तो कहीं पर आरसीसी उखड़ी हुई है। कमरों की छतों से आरसीसी के सरिए उखड़ कर नीचे गिर चुके हैं। कभी भी छत गिर कर बड़ा हादसा हो सकता है। नावां उपजिला चिकित्सालय का भवन सम्पूर्ण रूप से जर्जर हो चुका है।

#### धूल फांक रही मशीनें

स्थानीय राधेश्याम अग्रवाल, मनोज कुमार शर्मा, मांगीलाल कुमावत व अन्य लोगों ने सरकार से मांग की है कि जल्द से जल्द शहर की जनसमस्या का समाधान करते हुए इलाज की सुगम व्यवस्था की जानी चाहिए। जनता को शहर में उपजिला चिकित्सालय होते हुए भी अन्य शहरों में इलाज के लिए जाना पड़ रहा है। चिकित्सालय के लिए कई उपकरण आये हुए हैं, लेकिन भवन नहीं होने के चलते 25 लाख रुपये की लागत की डायलेसिस मशीन व 2 एसी मशीनें स्टोर कक्ष में धूल फांकती नजर आ रही हैं। नावां शहर का उपजिला चिकित्सालय करीब 200 से अधिक गांवों के बीच आता है। यहां हर रोज 300 से 400 मरीज इलाज के लिए आते हैं। शहर के मध्य से मेगा हाइवे भी गुजर रहा है। जिस पर आए दिन हादसे होते हैं। यहां घायल हुए लोगों को उपजिला अस्पताल लाया जाता है, लेकिन पर्याप्त संसाधनों के अभाव के चलते घायल मरीजों को रेफर करना पड़ता है।

---

### डिवाइडर से टकराकर ट्रक के दूसरी दिशा में जाने से हुआ हादसा

# बाइपास पर काम कर रहे मजदूरों को ट्रक ने कुचला, तीन की मौत

**बेधड़क | जोधपुर**

जिले में रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में 3 लोगों की मौत का बड़ा मामला सामने आया है। यह हादसा जैसलमेर बाईपास पर हुआ है। जानकारी के अनुसार जैसलमेर की तरफ से आया एक अनियंत्रित ट्रक डिवाइडर से टकराकर दूसरी दिशा में चला गया। इस दौरान निर्माणाधीन बाईपास के किनारे पर काम कर रहे तीन श्रमिकों को ट्रक ने कुचल दिया। इससे दो श्रमिकों की मौके पर ही मौत हो गई। मौजूद लोगों ने घायलों को संभाला और अस्पताल पहुंचाया। सूचना पर पुलिस भी मौके पर पहुंची। हादसे में एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गया था। घायल श्रमिक को जोधपुर के मथुरादास माथुर अस्पताल ले जाया गया, लेकिन श्रमिक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पर राजीव गांधी नगर थानाधिकारी देवीचंद ढाका और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। वहीं हादसे के बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने पीछा करके ट्रक चालक को पकड़ लिया। वहीं मृतकों के शव मोर्चरी में रखवाए गए हैं।



#### इधर, कार भी हुई चकनाचूर

गौरतलब है कि हाल ही में जयपुर हाइवे पर खारिया मीठापुर क्षेत्र में जोडकी नाड़ी के पास परिवहन विभाग के एक ट्रक को रुकवाने से पीछे आ रही कार टकरा गई और उसके पीछे एक अन्य ट्रक कार से टकरा गया। दोनों ट्रकों के बीच फंसने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। कार में सवार शिक्षक सहित तीन घायल हो गए। घायलों को तड़पता छोड़ परिवहन विभाग के अधिकारी भाग गए। प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायलों को मथुरादास माथुर अस्पताल रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार शिक्षक दिनेश, पत्नी व बेटी कार में खारिया मीठापुर से निकल रहे थे। जोडकी नाड़ी के पास परिवहन विभाग के अधिकारी ने जांच के एक ट्रक रूकवाया। तभी पीछे आ रही शिक्षक की कार ट्रक में घुसी गई। उसके पीछे आ रहा एक ट्रक आ रहा था जो कार में घुस गया। कार के परखच्चे उड़ गए। शिक्षक व पत्नी व बेटी कार में फंस गए और गंभीर घायल हो गए। आस पास के ग्रामीणों ने तीनों को बाहर निकाला और नजदीकी अस्पताल भिजवाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद जोधपुर भेजा गया। उधर हादसा होते ही परिवहन विभाग के अधिकारी घबरा गए और मौके से भाग निकले।

### बेकाबू कार हाईवे पर रेलिंग से टकराई, 2 घायल

ओसियां थाना क्षेत्र के सिरमंडी के पास सड़क हादसा सामने आया है। यहां हाईवे पर चल रही कार ओवरटेक करने के प्रयास में बेकाबू होकर हाईवे के बीच डिवाइडर के पास लगी रेलिंग में घुस गई। इससे कार सवार दो लोग घायल हो गए। जिन्हें इलाज के लिए जोधपुर रेफर किया गया। जानकारी के अनुसार, कार सवार लोग गुजरात के कच्छ भुज से पंजाब जा रहे थे। सिरमंडी के पास अमृतसर जामनगर एक्सप्रेस हाईवे पर पहुंचने पर कार के पास ट्रक ने ओवरटेक करने का प्रयास किया। इस दौरान कार बेकाबू होकर रेलिंग से टकरा गई। इससे कार के आगे का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। कार सवार नामदार सिंह (68) पुत्र बलकार सिंह के पांव में फ्रैक्चर हो गया। वहीं रूपेंद्र (40) पत्नी भूपेंद्र सिंह घायल हो गई। हादसे की सूचना मिलने पर नेशनल हाईवे अथॉरिटी की एम्बुलेंस के ड्राइवर जेठाराम, नर्सिंग स्टाफ विक्रम बिश्नोई, अनिल बिश्नोई, पायलट घनश्याम, ईएमटी श्रवण कुमार मौके पर पहुंचे और कार से घायलों को निकाल कर ओसियां उप जिला अस्पताल पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों घायलों को जोधपुर रेफर कर दिया गया।



### तीसरे दोस्त के चिल्लाने से पहुंचे लोग

# फोटो खिंचवाने सरोवर में उतरे दो बालकों की पानी में डूबने से मौत



**बेधड़क | जैसलमेर**

जिले के गड़ीसर सरोवर में रविवार को पानी में डूबने से 2 बालकों की मौत हो गई। जानकारी में सामने आया है कि तीन दोस्त तालाब के पास फोटो खिंचवाने पहुंचे थे। इस दौरान दो दोस्त नहाने के लिए तालाब में उतरे, लेकिन डूब गए। सूचना पर आसपास के लोग और बालकों के परिजन मौके पर पहुंचे और दोनों के शवों को बाहर निकाला गया। पुलिस भी मौके पर पहुंची और मामले की जांच कर रही है।

जानकारी के अनुसार रविवार दोपहर 1 बजे तीन दोस्त संजय, पियूष और करण जैसलमेर के मुक्तेश्वर महादेव मंदिर गड़ीसर सरोवर पहुंचे थे। यहां तीनों फोटो खिंचवाने के लिए आए थे। प्रत्यक्षदर्शी करण के अनुसार संजय और पियूष ने तालाब में नहाने की इच्छा जताई और पानी में छलांग लगा दी। काफी देर तक जब दोनों बाहर नहीं आए तो उसने दोस्तों को आवाज दी। इसके बावजूद जब वो दोनों उसे नहीं तालाब से बाहर आते नहीं दिखते हैं तो वो भी तालाब में उतरने की सोचता है। इस दौरान उसके पैर में चोट भी लग जाती है। काफी देर तक वो उन्हें ढूंढता है, लेकिन जब कुछ पता नहीं चला तो वह आसपास मदद के लिए चिल्लाता है। मौके पर पहुंचे लोगों ने दोनों बालकों को पानी से निकाला, लेकिन तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी। मृतकों में संजय पुत्र दादूराम और पियूष पुत्र भैरूराम शामिल हैं। सूचना मिलने पर सभी के परिजन भी मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचित किया। कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची है और मामले की जांच कर रही है।

---

### हवन पूजन से पहले भी दुर्घटनाओं में देखी गई थी कमी

# एक्सप्रेस-वे पर एक्सीडेंट्स को रोकने के लिए की पूजा-अर्चना

**बेधड़क | अलवर**

दिल्ली मुंबई एक्सप्रेस-वे पर आए दिन हो रही दुर्घटनाओं को रोकने के लिए एक अनूठा प्रयोग किया गया। यहां एनएचएआई के मेंटेनेंस इंचार्ज की ओर से पूजा-पाठ कर शांति हवन करवाया गया। यह अनूठा प्रयोग मेंटेनेंस कर्मचारियों ने पिनान रेस्ट एरिया के पास करवाया है। एनएचएआई के मेंटेनेंस इंचार्ज गजेंद्र सिसोदिया ने बताया कि दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेस-वे पर सबसे ज्यादा सड़क हादसे पैकेज नंबर 5 से 6 पर हो रहे हैं। यह क्षेत्र अलवर जिले में आता है। एक्सप्रेस वे पर अभी तक हुई दुर्घटनाओं में कई लोगों की जान भी जा चुकी है। इसके बाद सरकारी एजेंसियों की ओर से एक्सप्रेस-वे पर हो रहे हादसों की जांच भी की गई। लेकिन इसके बाद भी एक्सप्रेस वे पर लगातार हो रहे हादसों में किसी भी तरह की कमी नहीं देखी जा रही। इसी को देखते हुए पैकेज नंबर 5 व 6 के पास आज पूजा-पाठ कर शांति हवन करवाया गया। जिससे आने वाले समय में एक्सप्रेस-वे पर दुर्घटनाओं में कमी आए। इस पूजा-पाठ कार्यक्रम में सभी कर्मचारियों ने हिस्सा लिया। इसके बाद भंडारे का भी आयोजन किया गया। गजेंद्र सिसोदिया ने बताया कि एक्सप्रेस-वे पर हवन पूजन से सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। इस तरह की पूजा-पाठ आगे भी यहां पर करवाए जाएंगे, जिससे यहां पर होने वाले हादसों में कमी आए।



### चावल की आड़ में तस्करी: एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स की सीकर में कार्रवाई

# 3.50 करोड़ का अफीम डोडा पोस्त जब्त

**बेधड़क | जयपुर**

एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की टीम ने सीकर जिले के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में स्थानीय पुलिस के सहयोग से बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए एक ट्रक से चावल के कट्टों की आड़ में तस्करी कर लाए गए 21 क्विंटल 78 किलो 800 ग्राम अफीम डोडा पोस्त की खेप पकड़ी है।

मौके से पुलिस ने आरोपी ट्रक ड्राइवर अशोक बिश्नोई पुत्र दानुराम (31) निवासी ढाणी शिमला खारा थाना फलौदी को गिरफ्तार किया गया है। जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 3 करोड़ 50 लाख रुपए है।अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स एवं अपराध दिनेश एमएन ने बताया कि वांछित एवं इनामी बदमाशों की धरपकड़ तथा अवैध मादक पदार्थ, शराब एवं हथियार तस्करी की रोकथाम के लिए डीआईजी क्राइम योगेश यादव एवं एजीटीएफ के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विद्या प्रकाश के सुपरविजन एवं पुलिस इंस्पेक्टर सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में गठित टीम के हैड कांस्टेबल महेश सोमरा की सूचना पर सीकर के लक्ष्मणगढ़ थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात को यह कार्रवाई की गई।



टीम को जानकारी मिली कि अवैध मादक पदार्थ डोडा पोस्त से लोड दिल्ली नम्बर का एक ट्रक बीकानेर की ओर जा रहा है। एजीटीएफ ने ट्रक का पीछा किया और लक्ष्मणगढ़ थानाधिकारी महेंद्र सिंह मय टीम द्वारा थाने के सामने राष्ट्रीय राजमार्ग 52 पर नाकाबंदी की गई। इसी दौरान लक्ष्मणगढ़ की ओर से आ रहे दिल्ली नंबर के ट्रक को उन्होंने रुकवा लिया। सन्दिग्ध गाड़ी की तलाशी लेने पर चावल के 84 कट्टों के नीचे छुपा कर रखे गये 137 प्लास्टिक के कट्टों से कुल 21 क्विंटल 78 किलो 800 ग्राम अवैध डोडा पोस्त बरामद किया गया। प्रारंभिक पूछताछ में गिरफ्तार आरोपी ड्राइवर अशोक बिश्नोई ने पुलिस को बताया कि ट्रक मालिक हरिराम जाट निवासी रातड़ी ओसिया एवं सुभाष विश्नोई निवासी सिरमंडी ओसियां, ट्रक में मादक पदार्थ लोड कर लाए थे।

---

### किसानों की जमीन नीलामी के विज्ञापन पर पूर्व सीएम ने साधा भाजपा सरकार पर निशाना

# झूठे वादों से सरकार बनाई, किसानों की परवाह नहीं

**बेधड़क | जयपुर**

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हनुमानगढ़ जिले में किसानों की जमीन की नीलामी किए जाने पर प्रदेश की भजनलाल सरकार पर निशाना साधा है। इसी बहाने उन्होंने पीएम मोदी की गारंटी पर भी सवाल खड़े किए हैं। दरअसल, गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म X पर एक पोस्ट में लिखा, 'हनुमानगढ़ जिले के अखबारों में किसानों की जमीन नीलाम करने के लिए छपे ये विज्ञापन 'मोदी की गारंटी' की सच्चाई उजागर कर रहे हैं। भाजपा ने अपने घोषणा पत्र के पेज संख्या 42 पर किसानों की जमीन की नीलामी रोकने की बात कही थी, लेकिन राजस्थान में किसानों की जमीन नीलामी की जा रही है।

#### भूमि की नीलामी रोककर दी जाए राहत



'इसी पोस्ट में अशोक गहलोत ने आगे लिखा, 'इस किसान विरोधी भाजपा सरकार ने झूठे वादे कर सरकार बना ली पर इन्हें किसानों की कोई परवाह नहीं है। हमारी सरकार ने कृषि ऋण राहत आयोग बनाया था पर नई सरकार ने उसे भी क्रियाशील नहीं किया है। मैं मुख्यमंत्री से कहना चाहता हूं कि अविलम्ब आदेश देकर किसानों की भूमि की नीलामी रोककर किसानों को राहत दी जाए और आगे नीलामी ना हो सके इसके पुख्ता इंतजाम हों।'



हनुमानगढ़ सहकारी भूमि विकास बैंक लि0,हनुमानगढ़

दिनांक :-17.05.2024

नीलामी सूचना

#### केंद्र सरकार हमारी सरकार के पूराने बिल का करें अनुमोदन

इसी मामले से जुड़ी एक अन्य पोस्ट में गहलोत ने लिखा है, 'नवंबर 2020 में हमारी सरकार ने विधानसभा से बिल पास कर प्रावधान किया था कि किसानों की 5 एकड़ कृषि भूमि नीलाम नहीं होगी। राज्यपाल ने यह बिल केंद्र सरकार से अनुमोदन के लिए भेज दिया था, लेकिन अभी तक इसे केंद्र सरकार से अनुमोदन नहीं मिला है। इसी वजह से 20 जनवरी 2022 को हमारी सरकार ने प्रशासनिक आदेश के माध्यम से उस समय कुछ बैंकों की ओर से शुरू की गई कृषि भूमि नीलामी पर रोक लगाई थी। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को नवंबर 2020 को विधानसभा में पारित हुए बिल का अविलंब केंद्र सरकार से अनुमोदन करवाना चाहिए जिससे किसानों को राहत मिल सके।'

# अनियंत्रित होकर पलटी कार, महिला की मौत

### तीन घायलों की बनी हुई है हालत नाजुक

**धौलपुर।** बाड़ी सदर थाना क्षेत्र के छावईपुरा गांव के पास एक कार एक्सल टूटने से दुर्घटना का शिकार हो गई। एक्सल टूटने से कार अनियंत्रित होकर पलट गई और एक खंभे से जा टकराई। हादसे में सवार दो महिलाओं सहित चार लोग जख्मी हो गए, जिन्हें 108 एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

वहीं, अस्पताल में इलाज के दौरान एक महिला की मौत हो गई, जबकि तीन घायलों की हालत नाजुक बनी हुई है। एंबुलेंस चालक बृजमोहन मीणा ने बताया कि उन्हें सूचना मिली कि एक कार पलट गई है, जिसके बाद वो मौके पर पहुंचे और सभी घायलों को आनन-फानन में जिला अस्पताल पहुंचा गया। घायलों में दो महिलाओं सहित कुल चार लोग शामिल रहे, जिनमें से एक महिला की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। परिजनों के अनुसार पुष्पेंद्र अपनी पत्नी प्रीति (32) पुत्र हर्षवर्धन (6) पुत्री खुशी (1) और अपनी बुआ सास विमला को लेकर अपने गांव पिनाहट जा रहे थे, तभी रविवार को बाड़ी सदर थाना क्षेत्र के छावईपुरा गांव के पास उनकी कार का एक्सल टूट गया। इससे उनकी कार एकदम से अनियंत्रित हो गई और पलट गई। इस हादसे में बुआ सास विमला की अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। इधर, अन्य सभी घायलों की स्थिति गंभीर बनी हुई है और उनका इलाज चल रहा है।

### 46 जैन मंदिरों में चल रहे धार्मिक शिक्षण शिविर

# ली जैन धर्म की शिक्षा, पूजा प्रशिक्षण का ज्ञान बांटे पुरस्कार

**बेधड़क** | जयपुर

मीराखी ऑर्गेनाइजेशन और सोर्ट माय कॉलेज डॉट कॉम की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में रविवार को सोर्ट माय कॉलेज (एसएमसी) समिट का आयोजन किया गया। समिट में 10 की-नोट सेशंस समेत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इंडियाज लीडिंग यूथ फेस्ट में फाइनेंस, फैशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), पब्लिक स्पीकिंग एंड कम्यूनिकेशन और कंटेंट क्रिएशन सब्जेक्ट पर एक्सपर्ट्स ने विचार रखे। समिट में आंत्रप्रेन्योर और मोटिवेशनल स्पीकर अशनीर ग्रोवर और ओयो ग्रुप के सीईओ रितेश अग्रवाल ने युवाओं को आंत्रप्रेन्योर बनने और बिजनेस ग्रोथ के मंत्र दिए। सिंगर इक्लिप्स नोवा ने परफॉर्मेंस देकर सभी का दिल जीता।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सृष्टि गर्ग, डिजिटल कंटेंट क्रिएटर तारिणी शाह, दिवास गुप्ता ने डिजिटल कंटेंट क्रिएशन पर बात की। जयपुर के युवा आंत्रप्रेन्योर लक्ष्य लशकारी, दक्ष काला ने समिट को लीड किया। इसमें छह शैक्षणिक संस्थान के एक्सपर्ट्स ने बच्चों को नए कॅरिअर ऑप्शन्स की जानकारी दी। लक्ष्य लशकारी ने कहा कि समिट का उद्देश्य युवाओं को



अनकंवेंशनल करियर ऑप्शन से रूबरू करवाना रहा। दक्ष काला ने बताया कि 1200 से अधिक युवाओं ने इसमें हिस्सा लिया, आशा है इससे युवाओं में स्टार्ट अप शुरू करने की प्रेरणा जगेगी।

### बच्चों ने खेल खेल में सीखे धर्म के संस्कार

जनकपुरी ज्योति नगर में संत श्री सुधासागर आवासीय कन्या महाविद्यालय के तत्वावधान में आयोजित श्रमण संस्कृति संस्कार शिक्षण शिविर के पाँचवे दिन पाँच क्लास में एक सो से अधिक छात्रों ने अध्ययन किया। मन्दिर समिति अध्यक्ष पदम जैन बिलाला ने बताया कि विदुषियों द्वारा नमोकार व मंगल प्रार्थना के बाद दीप प्रज्वलन तारा चंद मंजू देवी सिद्धि गोधा झाग वाले परिवार द्वारा किया गया। इधर, जिनालय में शिविर में बाल संस्कार की क्लास में विदुषी सौम्या बच्चों को खेल खेल में धर्म के संस्कार रिदम / कविता आदि के माध्यम से बच्चों के साथ ही बैठ कर तन्मयता से सीखा रही है। आगंतुकों का स्वागत मंत्री देवेंद्र कासलीवाल, मिश्री लाल काला, डॉ. इन्द्र कुमार, सतीश बांदीकुई, सुशीला कोठारी, जैन युवा मंच के अध्यक्ष अमित शाह व नीरज जैन आदि ने किया।



## Yuva स्टोरीज

# 40% छात्र रहे नौकरी सुरक्षित करने में विफल



**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) और राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) सहित 11 प्रमुख इंजीनियरिंग कॉलेजों के आंकड़ों के अनुसार इस साल अप्रैल के अंत और मई की शुरुआत के बीच कई कॉलेजों की प्लेसमेंट दर में गिरावट आई है। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग, जो इंजीनियरिंग क्षेत्र के उम्मीदवारों के बीच सबसे लोकप्रिय शाखा है। इसमें भी इस साल प्लेसमेंट में दिक्कत आ रही है। सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत मई की शुरुआत में प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, अप्रैल के मध्य तक 11 संस्थानों में से कोई भी 100% प्लेसमेंट हासिल करने में कामयाब नहीं हुआ है।

### आईआईटी जम्मू में प्लेसमेंट दर 92.5%

आईआईटी जम्मू में प्लेसमेंट दर सबसे अधिक थी, जहां 92.5% बी.टेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग स्नातकों को प्लेसमेंट मिला। बाकी आईआईटी जैसे आईआईटी पलक्कड़, आईआईटी भिलाई, आईआईटी हैदराबाद, आईआईटी रोपड़ और आईआईटी खड़गपुर में प्लेसमेंट दर कम थी। इसके अलावा आईआईटी दिल्ली, कानपुर, बॉम्बे, भुवनेश्वर और गुवाहाटी ने 2023-24 के लिए डेटा उपलब्ध नहीं कराया।

### यहां 20% से अधिक बिना नौकरी

सबसे कम पुणे IIIT में 25.43% B.Tech CSE छात्रों को ही प्लेसमेंट मिला। वेतन पैकेज भी अच्छी स्थिति में नहीं है और केवल आईआईटी हैदराबाद का औसत सीटीसी 20 लाख रुपए प्रति वर्ष से अधिक है। कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग में स्नातक करने वाले लगभग 20% छात्र शीर्ष 10 कॉलेजों में बिना नौकरी के हैं। इसके अलावा आईआईटी भिलाई में, लगभग आधे छात्रों को अभी तक नौकरी नहीं मिली है।

### उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में सिस्टम एनालिस्ट के पद पर भर्ती

## 7 जून तक करें आवेदन

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग में सिस्टम एनालिस्ट के एक पद पर भर्ती के लिए आवेदन प्रक्रिया चल रही है। इसका भर्ती विज्ञापन 7 मई 2024 को जारी हुआ था और ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया भी 7 मई से शुरू हो गई थी। इच्छुक अभ्यर्थी अब आवेदन की अंतिम तिथि 7 जून 2024 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आयोग की ओर से जारी भर्ती विज्ञापन के अनुसार, आवदेन फॉर्म में संशोधन 14 जून तक और संबंधित दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियां 21 जून 2024 को शाम 5 बजे तक भेजना है। अभ्यर्थियों को बता दें कि सिस्टम एनालिस्ट पद पर भर्ती प्रतिनियुक्ति विभाग में होगी।

### समिट में एक्सपर्ट्स ने दिए सक्सेस मंत्र...

# मोटिवेशनल स्पीकर्स, कंटेंट क्रिएटर्स से रूबरू हुए युवा

**लक्ष्य लशकारी और दक्ष काला ने समिट को किया लीड, दिए टिप्स**



**बेधड़क** | जयपुर


मीराखी ऑर्गेनाइजेशन और सोर्ट माय कॉलेज डॉट कॉम की ओर से राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में रविवार को सोर्ट माय कॉलेज (एसएमसी) समिट का आयोजन किया गया। समिट में 10 की-नोट सेशंस समेत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया। इंडियाज लीडिंग यूथ फेस्ट में फाइनेंस, फैशन, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई), पब्लिक स्पीकिंग एंड कम्यूनिकेशन और कंटेंट क्रिएशन सब्जेक्ट पर एक्सपर्ट्स ने विचार रखे। समिट में आंत्रप्रेन्योर और मोटिवेशनल स्पीकर अशनीर ग्रोवर और ओयो ग्रुप के सीईओ रितेश अग्रवाल ने युवाओं को आंत्रप्रेन्योर बनने और बिजनेस ग्रोथ के मंत्र दिए। सिंगर इक्लिप्स नोवा ने परफॉर्मेंस देकर सभी का दिल जीता।

सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर सृष्टि गर्ग, डिजिटल कंटेंट क्रिएटर तारिणी शाह, दिवास गुप्ता ने डिजिटल कंटेंट क्रिएशन पर बात की। जयपुर के युवा आंत्रप्रेन्योर लक्ष्य लशकारी, दक्ष काला ने समिट को लीड किया। इसमें छह शैक्षणिक संस्थान के एक्सपर्ट्स ने बच्चों को नए कॅरिअर ऑप्शन्स की जानकारी दी। लक्ष्य लशकारी ने कहा कि समिट का उद्देश्य युवाओं को अनकंवेंशनल करियर ऑप्शन से रूबरू करवाना रहा। दक्ष काला ने बताया कि 1200 से अधिक युवाओं ने इसमें हिस्सा लिया, आशा है इससे युवाओं में स्टार्ट अप शुरू करने की प्रेरणा जगेगी।


### भारत को विश्व में अग्रणी इकोनॉमी बनाने का किया आह्वान

रितेश अग्रवाल ने गर्मजोशी से युवाओं का अभिवादन किया। उन्होंने कहा कि युवा आंत्रप्रेन्योर बन रोजगार देने की बात सोच रहे है यह बात काबिल-ए-गौर है। भारत को विश्व में अग्रणी अर्थव्यवस्था वाला देश बनाने में यह लोग महत्वपूर्ण योगदान निभाएंगे। उन्होंने युवाओं को बड़े सपने देखने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि रिजेक्शन जिंदगी का हिस्सा है इनसे घबराना नहीं चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि हम सुबह उठे तो पिछले दिन से बेहतर बने। उन्होंने कहा कि शुरुआती दौर में स्टार्ट अप में मुश्किलों का सामना करना पड़ता है लेकिन इनसे पार जाने के बाद आलोचक भी हमारी सराहना करने लगते है और यही हमारी सफलता है।

### लोक हित देखेंगे तो लोग पसंद करेंगे प्रॉडक्ट

उन्होंने कहा कि बिजनेस पर्सन जब लोगों के हित की बात सोचकर काम करेंगे तो उनका प्रोडक्ट लोग पसंद भी करेंगे और फंड भी आसानी से जुटाया जा सकेगा। उन्होंने कहा कि जयपुर उन्हें काफी पसंद है वे यहां आते हैं तो कचौरी खाना नहीं भूलते है। सफल बिजनेस के लिए उन्होंने मंत्र दिया कि अच्छा काम करो, भरोसा जीतो, खुद से ज्यादा औरों की सक्सेस का ध्यान रखों और स्पोटर्स के प्रति हमेशा सम्मान रखें।



### क्या लीक हो गया सीयूईटी यूजी 2024 का पेपर?



# NTA का ऐलान... 29 मई को एक सेंटर पर दुबारा होगी परीक्षा




**एजेंसी** | नई दिल्ली

नीट यूजी 2024 की परीक्षा 15 मई से 24 मई 2024 तक आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए एनटीए की तरफ से कड़े सुरक्षा के इंतजाम भी किए गए हैं। लेकिन इसी बीच पेपर आउट को लेकर भी आरोप लग रहे हैं। जिस पर नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (NTA) ने बयान जारी किया है।

### कॉलेज में पथराव

छात्रों ने बताया कि कानपुर के महाराणा प्रताप ग्रुप ऑफ कॉलेज में पेपर लीक हो गया। छात्रों ने आरोप लगाते हुए हंगामा किया और कुछ ने कॉलेज परिसर में पथराव भी किया। छात्रों ने यह भी बताया कि परीक्षा का समय समाप्त होने के बावजूद, कुछ छात्रों से पेपर हल कराया जा रहा था।

### कानपुर के सेंटर पर बांटा गया गलत पेपर

कानपुर के एक सेंटर पर सीयूईटी यूजी 2024 का गलत पेपर बांट दिया गया था। अब इस सेंटर पर 29 मई को दोबारा परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं, पेपर लीक को लेकर एनटीए की तरफ से एक बयान भी जारी किया गया है।

### NTA ने माना और कही ये बात

15 मई 2024 (शिफ्ट 2बी) को उत्तर प्रदेश के कानपुर के महाराणा प्रताप कॉलेज ऑफ फार्मेसी में एक परीक्षा केंद्र पर गलत वितरण के कारण एनटीए सामान्य परीक्षण (501) के लिए सीयूईटी (यूजी) - 2024 की एक और पारी आयोजित करेगा। 29 मई 2024 को प्रभावित उम्मीदवारों का एग्जाम होगा।

### दिल्ली सेंटर की भी परीक्षा 29 को

दिल्ली सेंटर की परीक्षा भी 29 मई को होगी। आपको बता दें कि दिल्ली के सीयूईटी एग्जाम को लोकसभा चुनाव के चलते कैंसिल कर दिया गया था। जिसके बाद उम्मीदवारों को गुस्सा फूट गया था।

### यह है मामला

नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 15 मई 2024 को सीयूईटी 2024 परीक्षा शुरू की। पहले ही दिन उत्तर प्रदेश के कानपुर में महाराणा प्रताप ग्रुप ऑफ कॉलेज में चल रही परीक्षा के बीच सीयूईटी यूजी पेपर लीक की खबर से हंगामा मच गया। कथित तौर पर, गुस्साए छात्रों और अभिभावकों ने कॉलेज गेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया जिसके परिणामस्वरूप उग्र भीड़ को नियंत्रित करने के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

**स्वास्थ्य** | सन टू ह्यूमन फाउंडेशन का स्वास्थ्य पर नए दृष्टिकोण वाला शिविर 28 से

# लोगों में उत्साह व जिज्ञासा... 12,000 शहरवासियों ने करवाया रजिस्ट्रेशन

**सैकड़ों लोगों ने डेमो सेशन में भाग लिया एवं रजिस्ट्रेशन करवाए**

### सेंट्रल पार्क के चार द्वारों पर हुआ डेमो शिविर का आयोजन





**बेधड़क** | जयपुर

सन टू ह्यूमन फाउंडेशन की ओर से 28 में से 2 जून तक भवानी निकेतन में आयोजित होने वाले नए दृष्टिकोण वाला शिविर से पूर्व रोज होने वाले डेमों सेशन के अंतर्गत जयपुर का सबसे बड़े पार्क सेंट्रल पार्क में गेट नंबर 2, 3, 4 और 5 में डेमो शिविरों का आयोजन किया गया। इसमें पार्क में नियमित आने वाले तथा तथा घूमने वाले लोगों ने भाग लिया। इस डेमो शिविर में सेजवानी, इंदौर से यहां पहुंची परमालय की प्रमुख शिष्या सहजोबाई भक्ति मां चैतन्य जी एवं संजय माहेश्वरी ने विभिन्न तरह के प्रयोग करवाएं घुटने मोड़ते हुए ताली बजाना तथा शरीर में ऑक्सीजन का लेबल बढ़ाने वाला नाभि झटका प्रयोग एवं कई तरह के प्रयोग भी बताए, जिससे मनुष्य जीवन भर स्वस्थ रहकर कार्य कर सकता है।

इस मौके पर लोगों ने नृत्यगान किया एवं विभिन्न तरह की एक्सरसाइज की एवं स्वस्थ जीवन शैली के बारे में जानकारी ली।

सहजोबाई ने बताया हम स्वयं के ऊपर प्रयोग करके अपनी डायबिटीज बीपी थायराइड अस्थमा अर्थराइटिस माइग्रेन डिप्रेशन जैसी बीमारियों को हम स्वयं ही ठीक कर सकते हैं आयोजन से जुड़े संजय माहेश्वरी अजय मित्तल नरेंद्र वैद्य एवं विवेक लड्ढा बताया शिविर में दिए जाने वाले अल्कलाइन ब्रेकफास्ट एवं अन्य बताई गई छोटे-छोटे प्रयोग द्वारा हम अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकते हैं एवं अपने जीवन को सकारात्मक ऊर्जा से भर सकते हैं फाउंडेशन गत दस वर्षों में जनसाधारण के स्वास्थ्य लाभ के लिए नए दृष्टिकोण वाले दस शिविर जयपुर के विभिन्न क्षेत्रों में आयोजित कर चुका है। इनके माध्यम से हजारों जयपुर वासी लाभान्वित हुए हैं।

### 11 वां होगा यह शिविर

इसी क्रम में जयपुर में 11 वां शिविर सन टू ह्यूमन फाउंडेशन के प्रणेता परमआलय के सान्निध्य में 28 मई से 2 जून तक प्रतिदिन प्रात 6:00 बजे से 8.30 बजे तक सीकर रोड पर स्थित भवानी निकेतन विद्यालय परिसर में आयोजित किया जा रहा है। आयोजन के मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया शिविर की टैगलाइन प्रवचन नहीं प्रयोग है शिविर में प्रवचन नहीं दिया जाता बल्कि छोटे-छोटे प्रयोग कराए जाते हैं जिनसे हमारे जीवन में वास्तव में परिवर्तन ला सकते हैं प्रतिदिन शिविर में ब्रेन विकसित करने के आसान प्रयोग व सूत्र बताए जाते हैं जिससे कि साधकगण स्वयं को दवा मुक्त रखते हुए स्वस्थ व आनंदमय जीवन जी सकें। साधना सत्र के बाद प्रतिदिन 20 से 25 आइटम का अदृश्य शक्तियों को जगाने वाला अल्कलाइन पौष्टिक एवं ऊर्जावान नाश्ता भी सभी साधकों को निशुल्क कराया जाता है।

### सर्वसमाज के लिए शिविर

आयोजन से जुड़े संजय महेश्वरी कमल सोमानी एवं मीडिया प्रभारी राजेश नागपाल ने बताया जयपुर में यह शिविर सर्वसमाज के लिए आयोजित किया जा रहा है जिससे यहां के नागरिक अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर इस स्वास्थ्य शिविर का लाभ प्राप्त कर सकें। आयोजन से जुड़े मुख्य संयोजक संजय माहेश्वरी ने बताया कि अब तक लगभग 12,000 शहरवासियों के रजिस्ट्रेशन हो चुके हैं। शिविर में आने के लिए रजिस्ट्रेशन अनिवार्य किया गया है। माहेश्वरी ने बताया कि इस शिविर के रजिस्ट्रेशन 22 तारीख को बंद कर दिया जाएंगे उसके बाद में रजिस्ट्रेशन नहीं किया जा सकेंगे।

# लू से जिंदगी हारे डेढ़ लाख से अधिक लोग




डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार


बात भले ही अजीब लगे पर यह सचाई है कि लू के थपेड़ों से डेढ़ लाख से अधिक लोग जिंदगी की जंग हार जाते हैं। वैसे तो दुनिया के सभी देश इससे प्रभावित हो रहे हैं पर भारत, रुस और चीन इससे सर्वाधिक प्रभावित हैं। प्रकृति का अत्याधिक और अंधाधुंध दोहन का परिणाम सामने आने लगे हैं। ऐसा नहीं है कि धरती के बढ़ते तापमान से दुनिया के देष चिंतित ना हो या इससे बेखबर हो पर इसे संतुलित करने के प्रयासों में जो लक्ष्य हासिल किया जाना था वह अभी दूर की कोड़ी ही सिद्ध हो रहा है। हालात बेहद चिंतनीय और गंभीर है। भारत के साथ-साथ ही दुनिया के देश अब जलवायु परिवर्तन के दुष्परिणामों से दो चार होने लगे हैं। बेमौसम बरसात, तेज गर्मी, तेज सर्दी, आए दिन तूफानों का सिलसिला, भू स्खलन, सुनामी, ग्लेसियरों से बर्फ का तेजी से पिघलना, भूकंपन, जंगलों में आए दिन दावानल और ना जाने क्या-क्या दुष्परिणाम सामने आते जा रहे हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि मौसम के समय व अवधि में भी तेजी से बदलाव होता जा रहा है। कब बरसात आ जाएं तो कब तेज गर्मी और कब सर्दी के तेवर तेज या कम हो जाते हैं यह पता ही नहीं चल रहा है। सबसे चिंतनीय बात यह है कि हीटवेव की चपेट में आने से लोगों की मौतों में तेजी से इजाफा होने लगा है। देखा जाए तो यह हीटवेव मौत का कारण बनने लगी है।

हीटवेव और उसकी अवधि अब संकट का नया कारण बनती जा रही है। आस्ट्रेलिया के मोनाश विश्वविद्यालय के एक अध्ययन में सामने आया है कि भारत के साथ ही चीन और रुस में हीटवेव के कारण सर्वाधिक मौत हो रही है। एक रिपोर्ट के अनुसार दुनिया के देशों में केवल लू के थपेड़ों की लपेट में आने से एक लाख 54 हजार से अधिक व्यक्ति अपनी जान गंवा देते हैं। प्रति दस लाख में से 236 व्यक्तियों की मौत हीटवेव के कारण हो रही है। रिपोर्ट की माने तो इनमें से हर पांचवां जान गंवाने वाला व्यक्ति भारतीय है। यह अपने आप में चिंतनीय और गंभीर है। यह अध्ययन भी 43 देशों के 750 स्थानों के तापमान के अध्ययन के आधार पर है। अध्ययन कर्ताओं के अनुसार पिछले 30 सालों में हीटवेव के कारण मौत के आंकड़ें में लगातार बढ़ोतरी हो रही है।



भारतीय मौसम विभाग की माने तो पूर्वी भारत में 1901 के बाद सर्वाधिक गर्मी इस साल अप्रेल में रेकार्ड की गई है। प.बंगाल में 2015 के बाद अप्रेल में सर्वाधिक लू के थपेड़ों को झेलना पड़ा है। इस तरह के कमोबेस हालात दुनिया के अधिकांश देशों में देखे जा सकते हैं। हालात तो यहां तक होते जा रहे हैं कि समुद्र का जल स्तर बढ़ता जा रहा है और उसके परिणाम स्वरुप समुद्र के किनारे बसे शहरों का अस्तित्व तक संकट में आने लगा है। दरअसल यह सारी समस्या मानव जनित समस्या है। अधांधुंध शहरीकरण, पेड-पौधों के जंगलों के जगह लोह कंक्रिट के खड़े होते जंगल, जन संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी और कार्बन् उत्सर्जन में लगाम लगाने में विफलता के परिणाम सामने आते जा रहे हैं। जैविक विविधता प्रभावित होती जा रही है। आधुनिकीकरण के नाम पर नित नए प्रयोग होने लगे हैं। जलवायु को प्रभावित करने वाले उत्पादों का उपयोग बेतहासा बढ़ा है। दुर्भाग्यजनक हालात यह है कि जिस उत्पाद को हम आज उपादेय बता रहे हैं एक समय बाद वहीं उत्पाद से होने वाले नुकसान गिनाने लगते हैं। दूसरी और वातावरण की नमी को समाप्त कर तापमान बढ़ाने में इन उत्पादों की खास भूमिका हो रही है। इन सबके साथ ही इंसानी गतिविधियों में बदलाव होने के साथ ही दखल बड़ा है। एक समय था जब बड़े जोर शोर के साथ पोलिथीन को उतारा गया और आज दुनिया के देश पालिथीन से मुक्ति चाहने लगे है। इसका कारण भी साफ है लोगों को पोलिथीन से होने वाले नुकसान का पता चलने लगा है। आज एसी, फ्रीज, ओवन आदि की घर घर उपलब्धता आसान हो गई है। अब ऐसी, फ्रीज या इस तरह के अन्य उत्पाद किस तरह से वातावरण को गर्म कर रहे हैं यह किसी से छुपा नहीं है। एक समय थर्मल पॉवर के प्लांट आवश्यकता थी पर आज कोयले की धुंआ के कारण किस तरह से वातावरध दुषित हो रहा है यह समझने लगे हैं। घर में जलने वाले बल्व की बात करें तो सामान्य बल्व से सीफएल और उसके बाद एलईडी और सोलर का युग आ गया। सवाल कई बार तो ऐसे लगता है जैसे कि मार्केट फोर्सेज भी बहुत कुछ प्रभावित करती है। आज आर ओ का सेचुरेशन आ गया तो इसका उपयोग हानिकारक बताया जाने लगा हैं उसी तरह से जापान में ओवन को स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बताया जाने लगा है। ईंधन के जितने भी साधन है वे सभी वातावरण को दूषित करने में आगे हैं। इसी तरह से सुविधाजनक इलक्ट्रोनिक उत्पाद वातावरण को बिगाडने में कोई कमी नहीं छोड़ रहे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव की अग्नि-परीक्षा

# जनता का विश्वास जीतना वक्त की मांग




डॉ. सी.बी. यादव
स्वतंत्र टिप्पणीकार


स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र का आधार स्तंभ होता है। सर्वोच्च न्यायालय के अनेक निर्णयों में इसे संविधान के मूल ढांचे का अंग भी बताया गया है। भारतीय संविधान में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव नागरिकों का मौलिक अधिकार भी है एवं लोकतंत्र में नागरिकों के विश्वास को बरकरार रखने का आधार भी है। यदि इस विश्वास पर किंचित मात्र भी सवाल उठाते हैं तो उसका निराकरण तत्काल प्रभाव से सुनिश्चित किया जाना बेहद जरूरी है। भारत की सभी लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक संस्थाओं में भारत के चुनाव आयोग ने अभी तक बहुत ही शानदार प्रदर्शन किया है लेकिन हाल ही के लोकसभा चुनाव में चुनाव आयोग ने स्वतंत्रता के उपरांत से स्थापित की परंपराओं को बदलकर, चुनाव प्रक्रिया पर उठ रहे सवालों व शंकाओं पर चुप्पी साधकर स्वयं को सवालों के घेरे में खड़ा कर दिया है।

स्वतंत्र भारत में प्रारंभ से ही चुनाव आयोग की यह परंपरा रही है कि चुनाव के प्रत्येक चरण के उपरांत यथाशीघ्र प्रेस कांफ्रेंस करके मीडिया से रूबरू होता आया है। जिसमें चुनाव से संबंधित सभी आंकड़ों एवं प्रक्रियाओं को मीडिया से साझा किया जाता था। किसी भी प्रकार की उठने वाली शंकाओं का समाधान भी किया जाता था। लेकिन लोकसभा चुनाव के चार चरण संपन्न होने के उपरांत की चुनाव आयोग एक भी बार मीडिया से रूबरू नहीं हुआ है। यह बेहद चिंताजनक बात है। दूसरी बहुत ही महत्वपूर्ण परंपरा यह भी रही है कि चुनाव के प्रत्येक चरण के पश्चात 24 घंटे के भीतर चुनाव आयोग मतदान के सभी प्रकार के आंकड़े जारी कर दिया करता था। जिसमें किसी निर्वाचन क्षेत्र के कुल मत एवं निर्वाचन में डाले गए मतों की कूल संख्या अंकगणितीय रूप से प्रकाशित करता रहा है। यहां तक की पुरुष एवं महिला मतदाताओं की संख्या को भी बताया जाता रहा है। ध्यान रहे यह सब उस कालखंड में भी 24 घंटे के भीतर बता दिया जाता था जब वर्तमान आधुनिक प्रौद्योगिकी तकनीकी का विकास भी नहीं हुआ था। लेकिन सूचना तकनीकी की आधुनिक युग में भी इस बार प्रथम चरण के उपरांत 11



दिन तक चुनाव आयोग ने किसी भी प्रकार के अंतिम आंकड़ों का प्रकाशन नहीं किया। 11 दिन उपरांत भी जो आंकड़े चुनाव आयोग द्वारा अधूरे आंकड़े प्रकाशित किए गए हैं। इनमें केवल प्रतिशत मतदान को ही बताया गया है। मतदाताओं की संख्या को अंकगणितीय रूप से प्रकाशित नहीं किया गया है। यहां बहुत ही चौंकाने वाला तथ्य की उभर कर सामने आया है कि अंतिम आंकड़ों में अनुमानित आंकड़ों की तुलना में पांच प्रतिशत से अधिक अंतर पाया गया है जबकि अभी तक यह अंतर कभी भी दो से तीन प्रतिशत से अधिक नहीं रहा।

> “भारत के चुनाव आयोग को लोकतंत्र में जनता के विश्वास को बरकरार रखने के लिए इन सवालों का जहां तत्काल प्रभाव से निराकरण करना चाहिए था उसके स्थान पर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के के सवाल उठाने पर कड़ी फटकार लगाते हुए इसे इसे मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने से रोकने या चुनावी मशीनरी में लगे कर्मचारियों को हतोत्साहित करने वाला करार दिया है।”

भारत के चुनाव आयोग को लोकतंत्र में जनता के विश्वास को बरकरार रखने के लिए इन सवालों का जहां तत्काल प्रभाव से निराकरण करना चाहिए था उसके स्थान पर मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़के के सवाल उठाने पर कड़ी फटकार लगाते हुए इसे इसे मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करने से रोकने या चुनावी मशीनरी में लगे कर्मचारियों को हतोत्साहित करने वाला करार दिया है। इसी मुद्दे को लेकर गैर सरकारी संगठन एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने सर्वोच्च न्यायालय में एक पिटीशन दायर की है जिसमें चुनाव आयोग को परंपरागत परंपराओं का निर्वहन करते हुए चुनाव में पारदर्शिता बनाए रखने एवं मतदान के पूर्ण आंकड़ों को जारी करने का आग्रह किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय में इस पिटीशन को स्वीकार कर लिया गया है आने वाले दिनों में जल्दी ही इस पर सुनवाई प्रारंभ हो सकती है तब इस मुद्दे पर स्थित और अधिक स्पष्ट होगी।

चुनाव आयोग का प्राथमिक कार्य स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव संपन्न करवाने की साथ-साथ निष्पक्षता में नागरिकों का विश्वास पैदा करना है। लेकिन चुनाव आयोग अपनी स्वायत्तता और निष्पक्ष कार्यप्रणाली के सवालों को लेकर पिछले एक साल से अधिक समय से खबरों में है। इन दो मुद्दों के अलावा भी चुनाव आयोग पर राजनीतिक वैज्ञानिकों व विपक्षी दलों द्वारा अन्य कई प्रकार के सवाल भी खड़े किए जा रहे हैं। जिनके कारण स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव पर संदेह के बदले और गहरे हो जाते हैं। लोकसभा चुनाव की घोषणा से कुछ ही दिन पहले पूर्व चुनाव आयुक्त अरुण गोयल के अचानक बिना किसी ठोस कारण स्पष्ट किये अपने पद से त्यागपत्र दे देते हैं। उसके तत्काल उपरांत लोकसभा में विपक्ष के नेता कि बिना सहमति के व सर्वोच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का उल्लंघन करते हुए दो चुनाव आयुक्त की नियुक्ति कर दी जाती है। यह मामला भी सर्वोच्च न्यायालय में विचाराधीन है। चुनाव में प्रधानमंत्री सहित कई बड़े नेताओं के नफ़रती भाषणों पर चुनाव आयोग की चुप्पी, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं राहुल गांधी को आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का नोटिस देने के स्थान पर उनके पार्टी अध्यक्षों को नोटिस देने की नई परंपरा को शुरू करने, विशेष परिस्थितिजन्य करणों से सूरत में बिना चुनाव भाजपा प्रत्याशी को निर्वाचित घोषित कर देना, कई जगह विपक्षी एवं स्वतंत्र प्रत्याशियों के नामांकन का रद्द कर देना, लोकसभा चुनाव की सात चरणों वाली एक बहुत लंबी चुनावी प्रक्रिया को अपनाने जैसे अनेक आलोचनाओं के पहलू है जिन पर चुनाव आयोग द्वारा अभी तक कोई ठोस स्पष्टीकरण नहीं दिया गया है।

सभी संवैधानिक संस्थाओं में भारत का चुनाव आयोग इस कालखंड से पूर्व बहुत ही स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने में दुनिया के समक्ष मजबूत उदाहरण प्रस्तुत करता रहा है। विदेशों से कई अध्ययन दल भारत की निर्वाचन प्रणाली का अध्ययन करने आते रहे हैं। राजनीति वैज्ञानिकों द्वारा अपने व्याख्यानों में भारतीय चुनाव आयोग का स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने वाली संस्था के वैश्विक उदाहरण के तौर पर प्रस्तुत किया जाता रहा है। लेकिन हाल ही के दिनों में जिस प्रकार चुनाव आयोग द्वारा अपनी परंपरागत परंपराओं को छोड़कर गोपनीय प्रणाली को अपनाने की प्रवृत्ति सहित कई सवाल खड़े हुए हैं वे निश्चित रूप से ही चिंताजनक है एवं उनका यथाशीघ्र समाधान करना लोकतंत्र में नागरिकों के विश्वास को बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी है। यदि चुनाव आयोग अपनी इस जिम्मेदारी का निर्वहन करने में विफल रहता है तो सर्वोच्च न्यायालय को संवेदनशील तरीके से इसे सुनिश्चित करना चाहिए।

भारत का लोकतंत्र हजारों साल के संघर्ष की पूंजी है। इसे बनाए रखने की जिम्मेदारी चुनाव आयोग व सर्वोच्च न्यायालय के साथ-साथ उन हजारों भारतीय प्रशासनिक अधिकारियों के कंधों पर भी जिम्मेदारी आ जाती है जिनके द्वारा रिटर्निंग ऑफिसर के रूप में चुनाव प्रक्रिया के अधिकांश चरणों को संपादित किया जाता है। चुनाव आयोग जहां सिर्फ चुनाव का पर्यवेक्षण ,निर्देशन एवं नियंत्रण का ही अधिकार रखता है। जन प्रतिनिधित्व अधिनियम-1951 की धारा 24 के अनुसार स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव करवाने की मुख्य धूरी यहीं भारतीय प्रशासनिक सेवा के रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) है। यदि चुनाव आयोग सवालों के घेरे में खड़ा होता है तो इन्हीं भारतीय प्रशासनिक सेवाओं के रिटर्निंग अधिकारियों पर हर परिस्थिति में भारतीय संविधान के आधारभूत मूल्यों की रक्षा करने तथा भारतीय लोकतंत्र को अक्षुण्ण बनाए रखना बनाए रखने की उनकी शपथ को पूरा करने की अग्नि परीक्षा भी होगी।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## व्यंग्य

# भाई अपने तो मजे ही मजे हैं




आशीष सकलेचा
व्यंग्यकार


हमारा देश चुनावो का देश है, यहा कुछ समय अंतराल मे चुनाव आते ही रहते है, इसलिए भाई अपने तो मजे ही मजे है। हर बार सत्ता की लड़ाई मे अपने को तो मिलती है मलाई ।भाई अपने तो मजे ही मजे है, चुनाव से पहले भी और चुनाव के बाद भी। चुनाव आने के एक साल पहले से सरकार मुफ्त की रेवडीया बांटती है और चुनाव के समय विपक्ष भी सत्ता मे आने के लिए मुफ्त की रेवडीयो के आफर देता है, इसलिए भाई अपने तो मजे ही मजे है। अभी सरकार 5 किलो राशन दे रही है तो किसी के पेट मे दर्द होने लगा तो वे इसका विरोध करने लगे। उन नादानो के दिमाग की बक्ती अचानक से जली की 5 किलो राशन का विरोध करने से कही अपना ही नुकसान न हो जाए तो कुछ ऐसा करे की अपना फायदा हो। बस फिर क्या था कर दी डबल दुगना राशन देने की घोषणा। अब तक जो 5 किलो राशन का विरोध कर रहे थे, वो 10 किलो राशन देगे। सरकार चाहे किसी की भी बने अपने तो दोनो हाथो मे लड्डु है, भाई अपने तो मजे ही मजे है। अब तो बस इंतजार है 4 जून का कब चुनाव परिणाम आए और खटाखट 1 लाख रुपये आ जाए तो अपनी तो पांचो उंगलियां घी मे और सर कढ़ाई मे होगा। बस डर इस बात का है की कही हम सकरे और बाजार चौड़ा न हो जाए। खैर जो भी हो भाई अपने तो मजे ही मजे है। पत्नी कह रही है की खटाखट वालो को वोट दे और मन कह रहा है की 5 किलो राशन वालो को वोट दे। अब बड़ी ही असमंजस है, मन की सुने की मन मे बसी पत्नी की सुने। इस उलझन के बीच मे टीवी पर समाचार सुन रहा था। 5 किलो राशन वाले हर बात की गारंटी ले रहे थे और 10 किलो राशन वाले कह रहे थे एक झटके मे न गरीबी खत्म कर देगे। मुझे उनकी बात पर विश्वास नही हो रहा था, क्योंकि उनकी दादी और पापा भी यही कहते थे। फिर सोचा जमाना बद गया है कही अब ये भी बदल गए होगे, हो सकता है एक झटके मे गरीबी खत्म कर देगे। अब फिर एक डर सताने लगा की कही एक झटके मे गरीबी खत्म हो गई तो एक लाख का नुकसान, 10 किलो राशन का अलग नुकसान और पेंशन भी बंद पत्नी को हर महीने मिलने वाले पैसे बंद, बेटी को पढ़ाई के लिए मिलने वाले पैसे और सुविधाएं सब एक ही झटके मे बंद हो जाएगे। अगर यह सब बंद हो गए तो कमाने जाना पड़ेगा और अब काम होता नही क्योंकि मुफ्त की रेवडीया खाने की आदत जो पड़ गई है। पत्नी को सारी बात बताई तो वो भी उलझन मे पड़ गई तो पड़ोस वाले भाभी से पुछने गई है पर अभी तक लौटी नही है, क्योंकि मामला बड़ा ही गंभीर है। जो भी हो भाई अपने तो मजे ही मजे है।

## नॉलेज कॉर्नर: रेल पटरियों में बिछे पत्थर बहुत उपयोगी

# रेल की नींव है पटरियों में बिछी गिट्टियां

आपने भी कभी न कभी भारतीय रेल में सफर किया होगा। इस दौरान रेल की पटरियों के बीच पड़े छोटे-छोटे पत्थर गिट्टियां देखे होंगे, लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि रेल की पटरियों के बीच यह पत्थर क्यों लगाए जाते हैं? दरअसल, पटरियों के बीच छोटे-छोटे पत्थर बिछाए जाने के पीछे एक वैज्ञानिक कारण है। शुरूआती दौर में रेलवे ट्रैक का निर्माण स्टील और लकड़ी के पटरों की मदद से किया जाता था, जबकि मौजूदा समय में लकड़ी के पटरों के बदले सीमेंट की आयताकार सिल्लियों का इस्तेमाल किया जाता है। आज के नॉलेज कॉर्नर में है इसी पर जानकारी

### पटरियों के कंपन को करता है कम

पटरियों के बीच इन पत्थरों को इसलिए बिछाया जाता ताकि ये लकड़ी के पटरों या सीमेंट की सिल्लियों को अपने स्थान पर मजबूती के साथ स्थिर रखें और वे रेलवे ट्रैक को मजबूती के साथ पकड़े रहें। बता दें कि जब ट्रेन चलती है तो उससे जमीन और पटरियों में कंपन पैदा होता है। इसके अलावा तेज धूप से पटरियां फैलती हैं और सर्दियों में सिकुड़ती हैं। इससे ट्रेन का पूरा भार लकड़ी या सीमेंट की सिल्लियों पर पड़ता है, लेकिन पटरियों के बीच पत्थर बिछे होने के कारण ये सारा भार



इन पत्थरों पर चला जाता है। इसके चलते ट्रेन आने पर पैदा होने वाला कंपन खत्म हो जाता है और पटरियों पर पड़ने वाला भार भी संतुलित हो जाता है।

### जमीन को नुकसान और ध्वनि प्रदूषण से बचाता है

रेल की पटरियों के बीच पत्थर बिछाने की एक वजह यह भी है कि जब भारी-भरकम ट्रेन ट्रैक से होकर गुजरे तो उसके भार का संतुलन बना रहे और जमीन को कोई नुकसान ना पहुंचे। इतना ही नहीं इन पत्थरों के बिछाने से बारिश का पानी पटरियों के बीच से आसानी से बहता है और पटरियों के बीच कीचड़ नहीं बनती। इसके अलावा रेल की पटरियों के बीच बिछने वाले पत्थर ध्वनि प्रदूषण को रोकना का काम भी करते हैं।

**एक नजर भारत के नेटवर्क पर**

*इंडियन रेलवे दुनिया के सबसे बड़े रोजगार दाताओं में से एक है। भारतीय रेलवे में करीब 1.4 मिलियन से अधिक लोग काम करते हैं। भारत में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा रेलवे नेटवर्क है। भारतीय रेलवे हर रोज लगभग 2.5 करोड़ यात्रियों को उनकी मंजिल तक पहुंचाता है।*

*कंटेंट: बजरंग लाल बुनकर*

## X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

“राजस्थान में प्रतिभाओं को तराशने और उन्हें हर क्षेत्र में अग्रणी बनाने के लिए कार्य हो रहा है। प्रदेश के प्रत्येक संभाग में आईआईटी की तर्ज पर राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी और एम्स की राजस्थान इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंस स्थापित कर रहे हैं। प्रत्येक जिले में एक मेडिकल कॉलेज शुरु किया जा रहा है। तकनीकी से जुड़े नए विचारों को प्रोत्साहित करने के लिए एक करोड़ रुपये की लागत से अटल इनोवेशन स्टुडियो एवं एक्सीलेटर्स शुरु कर रहे है। इसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग, डाटा साइंस आदि उभरते हुए क्षेत्रों के लिए विद्यार्थी खुद को तैयार कर पाएंगे।”



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi

अपनी हार सामने देख कर भाजपा जनादेश को झुठलाने के लिए सरकारी तंत्र पर दबाव बना कर लोकतंत्र को लूटना चाहती है। कांग्रेस चुनावी ड्यूटी कर रहे सभी अधिकारियों से यह अपेक्षा करती है कि वो सत्ता के दबाव के सामने अपनी संवैधानिक ज़िम्मेदारी न भूलें। वरना INDIA की सरकार बनते ही ऐसी कार्रवाई होगी कि आगे कोई भी ‘संविधान की शपथ’ का अपमान करने से पहले 10 बार सोचेगा।

**लोकसभा चुनाव 2024: उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए आज सबसे प्रतिष्ठित मुकाबला, भाजपा की भी है पूरी तैयारी**

# कांग्रेस की अब 9 सीटों पर नजर, रायबरेली-अमेठी हैं सबसे अहम

**एजेंसी** | लखनऊ

उत्तर प्रदेश में कांग्रेस, समाजवादी पार्टी के साथ गठबंधन में चुनाव लड़ रही है। उसके हिस्से में 17 सीटें आई हैं। इनमें आठ सीटों पर चौथे चरण तक चुनाव हो गए हैं। पांचवें से सातवें चरण में कांग्रेस 9 सीटों पर चुनाव मैदान में है। कांग्रेस को अमेठी-रायबरेली के अलावा इलाहाबाद, बाराबंकी, देवरिया और बांसगांव सीटों पर अच्छे परिणाम की उम्मीद है। कांग्रेस के लिए हमेशा प्रतिष्ठा का प्रश्न रही अमेठी-रायबरेली में पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की बरसी से एक दिन पहले सोमवार को मतदान होने जा रहा है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि क्या राजीव गांधी की बरसी से पहले अमेठी और रायबरेली में कांग्रेस पर वोटरों का आशीर्वाद भी बरसेगा? राजीव गांधी की 21 मई 1991 को एक चुनावी जनसभा के दौरान ही हत्या कर दी गई थी। इस बार भी जब प्रियंका गांधी रायबरेली पहुंचीं तो सबसे पहले पिता की उसी हत्या का जिक्र करके लोगों से खुद को भावनात्मक रूप से जोड़ने की कोशिश भी की थी। ।

रायबरेली और अमेठी में कांग्रेस ने प्रचार के दौरान पूरी ताकत झोंके रखी। इनमें अमेठी सीट पर 2019 में राहुल गांधी को केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी के हाथों हार का सामना करना पड़ा था। इस बार सोनिया गांधी के सांसद प्रतिनिधि रहे किशोरी लाल शर्मा यहां से प्रत्याशी हैं। सपा के क्षेत्रीय विधायकों के भाजपा के पाले में जाने से स्थितियां कमजोर तो हुई हैं, लेकिन कांग्रेस को अपने परंपरागत वोटबैंक से काफी उम्मीद है।

वहीं, राहुल गांधी के रायबरेली से उतरने के कारण सबसे ज्यादा कांग्रेस की प्रतिष्ठा इसी सीट पर लगी हुई है। खुद सोनिया गांधी ने यूपी में मात्र इसी सीट पर प्रचार भी किया है। दो दिन पहले ही वह यहां आईं और लोगों से भावुक होते हुए कहा कि आपको अपना बेटा सौंप रही हूं। छत्तीसगढ़ के पूर्व सीएम बघेल ने तो यहां तक कह दिया कि आप केवल सांसद नहीं चुनेंगे। आप इंदिरा गांधी के बाद एक बार फिर प्रधानमंत्री चुनने जा रहे हैं। चूंकि 2019 में भाजपा लहर के दौरान भी कांग्रेस यूपी से इसी इकलौती सीट को बचा सकी थी, लिहाजा इसे कांग्रेस के लिए सुरक्षित सीट माना जा रहा है। वहीं, भाजपा भी इस सीट पर कोई कोर कसर छोड़ने के मूड में नहीं है। उसने लगातार यहां की रणनीति बनाने के लिए महीनों पहले से तैयारी कर रखी थी। सपा के कद्दावर नेता मनोज पांडे और अभय सिंह को अपने पाले में कर लिया था। एक वक्त तक कांग्रेसी रहे और मौजूदा समय में प्रदेश सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह भाजपा उम्मीदवार हैं। प्रियंका गांधी के लगातार प्रचार से इन दोनों सीटों पर मुकाबला दिलचस्प होने की उम्मीद है। राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार दिनेश प्रताप सिंह और मनोज पांडे में बहुत पुरानी अदावत है। इस अदावत को दूर करने की कोशिश पिछले दिनों यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने की थी।



वहीं, बाराबंकी से पूर्व सांसद पीएल पुनिया के बेटे तनुज पुनिया इस बार मैदान में हैं। उनके सामने भाजपा ने राजरानी रावत को चुनाव मैदान में उतारा है। सपा के साथ गठबंधन होने की वजह से तनुज सीधी लड़ाई में हैं। बीते दिनों अखिलेश यादव ने तनुज के समर्थन में रैली करके सपा के भीतर साफ संदेश देने की कोशिश की है कि उन्हें संगठन मजबूती से चुनाव लड़वाए।

## 2019 में शिंदे को सीएम नहीं बनाना चाहती थी भाजपा



**मुंबई**। उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली शिवसेना के नेता संजय राउत ने दावा किया है कि महाराष्ट्र की मौजूदा सरकार में शामिल भाजपा और एनसीपी के नेता साल 2019 में एकनाथ शिंदे को मुख्यमंत्री नहीं बनाना चाहते थे।

राउत ने संवाददाताओं से बात करते हुए यह भी दावा किया कि अजित पवार, दिलीप वलसे पाटिल और सुनील तटकरे जैसे तत्कालीन एनसीपी नेताओं ने मुख्यमंत्री पद के लिए शिंदे के नाम का विरोध किया था और कहा था कि वे उनके जैसे कनिष्ठ और अनुभवहीन व्यक्ति के मातहत काम नहीं करेंगे।

## पुरुलिया के एसपी सहित चार पुलिस अफसर हटाएं

**कोलकाता**। निर्वाचन आयोग ने बंगाल के पुरुलिया में रविवार को जिले के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिजीत बनर्जी को पद से हटा दिया। पुरुलिया के एसपी के अलावा आयोग ने राज्य के तीन और पुलिस अधिकारियों को भी पद से हटाने का निर्देश दिया।

आयोग ने राज्य के मुख्य सचिव को पत्र भेजकर पुरुलिया के एसपी सहित चारों पुलिस अधिकारियों को तुरंत पद से हटाने को कहा। आयोग ने कहा है कि चारों अधिकारी चुनाव संबंधी किसी भी कार्य में शामिल नहीं हो सकते। चारों को मतदान ड्यूटी से मुक्त कर दिया है।

आयोग ने सोमवार सुबह 10 बजे तक यह रिपोर्ट भेजने को कहा है कि यह आदेश लागू कर दिया गया है। जिन तीन अन्य पुलिस अधिकारियों को हटाया गया है, इनमें से तीनों पूर्व मेदिनीपुर जिले से हैं।

**प. बंगाल: पीएम मोदी ने तुष्टीकरण को लेकर टीएमसी को घेरा, कहा...**

# TMC वोटों के लिए साधु-संतों और महान संगठनों को कर रही बदनाम

**एजेंसी** | कोलकाता

लोकसभा चुनाव के लिए तेज होते सियासी घमासान के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को झारखंड और पश्चिम बंगाल में चुनाव सभाओं को संबोधित किया। पीएम के दौरे से दोनों राज्यों का सियासी पारा चढ़ा रहा। उन्होंने बंगाल में विष्णुपुर, पुरुलिया और मेदिनीपुर में चुनाव सभाओं में राज्य की टीएमसी सरकार को निशाने पर लिया और राज्य की जनसांख्यिकीय संतुलन बिगाड़ने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, मेरा सीधा-सीधा आरोप है कि यहां की मुख्यमंत्री मुस्लिम कट्टरपंथियों के दबाव में वोट पाने के लिए हमारे संतों को, हमारे महान संगठनों को सार्वजनिक रूप से गालियां दे रही हैं, बदनाम कर रही हैं।

पीएम मोदी ने मेदिनीपुर में चुनाव सभा में कहा कि अब बस 25 मई को एक और प्रहार की जरूरत है, बंगाल में फिर टीएमसी के आतंक, भ्रष्टाचार के किले को गिरते देर नहीं लगेगी। बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर आरोप लगाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि टीएमसी देश के दूसरे राज्य वालों को बाहरी बताती है लेकिन अवैध घुसपैठिए इन्हें अपने लगते हैं। ये घुसपैठिए बंगाल में जनसंख्या संतुलन बिगाड़ते हैं, कई इलाकों में हिंदू अल्पसंख्यक हो गए, दलितों, पिछड़ों की जमीन पर ये कब्जा कर रहे हैं। मैंने वादा किया था कि मैं इन शरणार्थी परिवारों को नागरिकता दूंगा, ये हमसे उम्मीद लगाए हुए हैं, लेकिन टीएमसी इनकी मदद और सीएए का विरोध कर रही है और कह रही है कि हम इसे लागू नहीं होने देंगे। टीएमसी, कांग्रेस और वाम दल वाले लिखकर रख लें जब तक मोदी जिंदा है, तब तक वे कुछ नहीं कर पाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि टीएमसी की साजिशों को रोकने के लिए केंद्र में मजबूत और स्थिर भाजपा सरकार का होना जरूरी है।



उन्होंने कहा, जब तक मोदी केंद्र में है, तब तक हम उनकी गंदी मंशा को सफल नहीं होने देंगे। सिर्फ चार दिन पहले एक नई शुरुआत हुई है और 300 से ज्यादा शरणार्थियों को नागरिकता दी गई है। मैं टीएमसी के लोगों से कहना चाहता हूं कि ध्यान से सुनें, सीएए मोदी की गारंटी है।

पीएम मोदी ने पुरुलिया और विष्णुपुर में रैलियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की रामकृष्ण मिशन व साधु संतों के खिलाफ टिप्पणियों की निंदा करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस वोट बैंक के तुष्टीकरण के लिए इन सामाजिक-धार्मिक संगठनों को धमका रही है।

### क्यों अहम है पीएम का बंगाल दौरा

छठे चरण में राज्य की 8 लोकसभा सीटों के लिए 25 मई है मतदान। इन सीटों में तमलुक, कांथी, घाटाल, मेदिनीपुर, झाडग्राम, बांकुड़ा, विष्णुपुर व पुरुलिया क्षेत्र शामिल हैं

### इन सबके पाप एक जैसे ही हैं

नरेंद्र मोदी ने कहा, चाहे टीएमसी हो, लेफ्ट हो या कांग्रेस हो यह तीन अलग-अलग पार्टियां दिखती हैं लेकिन इन सबके पाप एक जैसे ही हैं, इसलिए इन्होंने मिलकर इंडी गठबंधन बनाया है। इन्होंने गरीब, मजदूर, एससी एसटी को हमेशा सिर्फ नारे दिए हैं लेकिन जहां भी इन्होंने सरकारें चलाई वहां उन राज्यों को गरीब बनाकर छोड़ दिया, पश्चिम बंगाल इसका उदाहरण है। उन्होंने कहा कि मोदी को अपने लिए कुछ नहीं करना है। न मुझे अपने किसी भतीजे के लिए कुछ करना है और न ही मुझे किसी भाई के लिए कुछ छोड़ना है। मुझे गरीब, दलित और आदिवासियों के बच्चों के लिए विकसित भारत विरासत के रूप में छोड़ना है, इसलिए मैं आपसे तीसरी बार आशीर्वाद मांगने आया हूं।

### भाजपा के लिए काम कर रहे संत: ममता

दूसरी ओर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने हुगली के जयरांबाती में एक रैली के दौरान भारत सेवाश्रम संघ के कार्तिक महाराज (स्वामी प्रदीप्तानंद) पर आरोप लगाया कि उन्होंने कहा है कि वह टीएमसी एजेंट्स को बूथ में जाने ही नहीं देंगे। उन्होंने कहा कि भारत सेवाश्रम संघ और रामकृष्ण मिशन के लोग सीधे तौर पर टीएमसी के खिलाफ काम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि रामकृष्ण मिशन के भी सदस्यों को दिल्ली से निर्देश मिलते हैं। संतों से कहा जाता है कि वे भाजपा के लिए वोट मांगें। आखिर एक संत यह सब क्यों करे। ममता बनर्जी ने कहा कि वह कार्तिक महाराज को संत नहीं मानती हैं क्योंकि वह सीधे तौर पर राजनीति में शामिल हो गए हैं। भारत सेवाश्रम संघ का बहुत सम्मान करती थी। लंबे समय से सम्मानित संगठनों की लिस्ट में इसका नाम था।

### भ्रष्टाचारियों के बंगले, गाड़ियां... सब कुछ बिकवा देंगे

पीएम मोदी ने कहा, टीएमसी ने पैसे कमाने की भूख में आपके बच्चों को भी नहीं छोड़ा है। यहां शिक्षक भर्ती घोटाले ने युवाओं के साथ ही आने वाली पीढ़ियों का भविष्य भी दांव पर लगा दिया है। गरीब मां-बाप ने घर-जमीन बेचकर, कर्ज लेकर इनके मंत्रियों को घूस दी। आज वे सारे नौजवान सड़कों पर हैं। उन्होंने सवाल करते हुए पूछा कि आखिर इनका क्या कसूर था? मैं आप सबको गारंटी देता हूं, इन्होंने आपके घर बिकवाए हैं। मोदी टीएमसी के भ्रष्टाचारियों के बंगले, उनकी गाड़ियां, ये सब कुछ बिकवाकर रहने वाला है।

### संदेशखाली की घटनाओं ने महिलाओं को झकझोर दिया

मोदी ने दावा किया कि जो पार्टी संदेशखाली में दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने से बचती थी, अब महिलाओं पर उंगली उठा रही है जिन्होंने अत्याचार झेला है। उन्होंने आरोप लगाया, संदेशखाली की घटनाओं ने बंगाल की महिलाओं को झकझोर कर रख दिया। टीएमसी के नेता अत्याचार झेलने वाली महिलाओं पर उंगली उठा रहे हैं।

### नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं कांग्रेस के शहजादे



पीएम मोदी ने झारखंड की जमशेदपुर लोकसभा सीट के घाटशिला में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस, झामुमो और राजद पर जोरदार हमला बोला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शहजादे नक्सलियों की भाषा बोल रहे हैं। वे उद्योगों और उद्योगपतियों पर लगातार हमला कर रहे हैं। नक्सली बिना पैसा लिए किसी उद्योगपति को कोई काम नहीं करने देते थे। हमने उन नक्सलियों की कमर तोड़ दी, लेकिन अब कांग्रेस और झामुमो ने उन नक्सलियों की जिम्मेदारी उठा ली है। इन्हें उद्योगों के विकास से नहीं, बल्कि भ्रष्टाचार और वसूली से मतलब है। इउन्होंने झारखंड में झामुमो-कांग्रेस-आरजेडी की सरकार पर राज्य को लूटने का आरोप लगाते हुए कहा कि इनके नेताओं और अफसरों के यहां से नोटों के पहाड़ निकल रहे हैं।

**अधीर व ममता बनर्जी में जुबानी जंग**

# BJP की अधीर को पार्टी में शामिल होने की पेशकश!

**एजेंसी** | कोलकाता

पश्चिम बंगाल प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी को भाजपा ने पार्टी बदलने की पेशकश की है। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सुकांत मजूमदार ने कहा है, मैं अधीरदा से यही कहूंगा कि अगर आप ममता बनर्जी से लड़ना चाहते हैं तो कोई उपयुक्त जगह ढूंढ लीजिए। जिस घर में आप हैं वह भयावहता से भरा है। भयावहता का घर छोड़ो। राम के घर चलो। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार मजूमदार ने चुनाव प्रचार के दौरान एक टीवी चैनल के साथ बातचीत में यह बात कही थी। ज्ञात रहे कि मजूमदार का यह बयान अधीर रंजन चौधरी और तृणमूल कांग्रेस प्रमुख के बीच जारी जुबानी जंग और फिर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा अधीर के खिलाफ टिप्पणी के बाद आया है।

ममता ने हाल ही में कहा था कि अगर इंडिया गठबंधन की सरकार बनती है तो टीएमसी उसे बाहर से समर्थन देगी। ममता के बयान पर अधीर रंजन चौधरी ने कहा था कि ममता पर भरोसा नहीं किया जा सकता है। उनके इस बयान के बाद खरगे ने साफ-साफ कहा है कि ममता को लेकर जो भी फैसला होगा वह पार्टी आलाकमान करेगी।



### मौका भुनाना चाहती है भाजपा

राजनीतिक विश्लेषकों के अनुसार दरअसल, खरगे के संदेश के बाद अधीर चौधरी के राजनीतिक भविष्य पर सवाल खड़ा हो गया है। भाजपा भी अधीर को पार्टी में खींचने का मौका भुनाना चाहती है। वहीं, तृणमूल कह रही है कि अब तक वह अधीर के बारे जो शिकायतें सुन रही थीं, वे साबित हो चुकी हैं। हालांकि, अधीर पहले ही कह चुके हैं कि अगर वह चुनाव में हार गए तो राजनीति छोड़ देंगे और बादाम बेचेंगे।

## लालू को 4 व राहुल को 40 सीटें भी नहीं मिलेगी: शाह

**एजेंसी** | बेतिया (बिहार)

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को बिहार के पश्चिम चंपारण के बेतिया में चुनाव सभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि लोकसभा चुनाव के चार चरण में मोदी जी कुल 270 का आंकड़ा पार कर चुके हैं। लालू जी की पार्टी को चार और राहुल बाबा को 40 सीटें भी नहीं मिल रही है। शाह ने कहा कि इंडी गठबंधन का सूफड़ा साफ होने वाला है। इंडी गठबंधन के लोग झूठ का व्यापार करने वाले लोग हैं। झूठ बोलकर विजय प्राप्त करना चाहते हैं। यह लोग कहते हैं कि मोदी जी 400 पार करेंगे तो आरक्षण हटा देंगे। इससे बड़ा झूठ और कुछ हो ही नहीं सकता है। उन्होंने कहा कि जब तक संसद में भाजपा का एक भी सांसद है, एससी-एसटी और ओबीसी के आरक्षण को कोई भी हाथ नहीं लगा सकता है।



### कांग्रेस की गोद में बैठ गए लालू

गृह मंत्री ने कहा कि हमारा संविधान धर्म के आधार पर आरक्षण की इजाजत नहीं देता है। लालू प्रसाद वोट बैंक और बेटे को मुख्यमंत्री बनाने के लिए कांग्रेस की गोद में जाकर बैठक गए हैं। कांग्रेस ने हमेशा पिछड़ा विरोधी राजनीति की है। पीएम मोदी ने पिछड़ों को संवैधानिक दर्जा देने का काम किया।

**उत्तर प्रदेश चुनावी डायरी**

# राहुल-अखिलेश की सभा में जबरदस्त हंगामा, बिना भाषण लौटे दोनों नेता

**एजेंसी** | प्रयागराज

उत्तर प्रदेश में लोकसभा चुनाव के लिए चढ़ते सियासी पारे के बीच रविवार को प्रयागराज में राहुल गांधी और अखिलेश यादव की सभा में जबरदस्त हंगामा हुआ। भीड़ बेकाबू हो गई और बैरिकेडिंग तोड़कर मंच तक पहुंच गई। पुलिस ने लाठियां भांजी तो भगदड़ मच गई। स्थिति को देखते हुए राहुल-अखिलेश बिना भाषण दिए ही लौट गए। रैली का आयोजन फूलपुर लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी अमरनाथ मौर्य के समर्थन में किया गया था और मंच पर भारी अव्यवस्था देखने को मिली। इसके चलते अखिलेश यादव और राहुल गांधी बिना भाषण दिए ही कार्यक्रम स्थल से रवाना हो गए. हंगामे के बीच समर्थकों ने सुरक्षा घेरा भी छोड़ दिया। राहुल गांधी मंच पर पहले पहुंच गए थे। थोड़ी देर बाद अखिलेश यादव मंच पर आए और नेताओं से मुलाकात करने लगे। इस बीच मंच के नीचे मौजूद नेताओं में शोरशराबा होने लगा। नेता और कार्यकर्ता स्टेज पर चढ़ जाना चाहते थे। उन्होंने सुरक्षा के लिए बैरीकेड तक तोड़ दिए। हाथ में सपा और कांग्रेस का झंडा लहराते इन नेताओं और कार्यकर्ताओं को शांत रहने की अपील की जाती रही पर कोई फायदा नहीं हुआ। समाजवादी पार्टी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी ने बताया कि बड़ी संख्या में लोग बैरिकेड तोड़कर मंच पर चढ़ गए। इस कारण से मंच पर जगह ही नहीं बची। उन्होंने बताया कि फूलपुर लोकसभा क्षेत्र में पड़िला महादेव में आयोजित इस रैली में अखिलेश यादव और राहुल गांधी दोनों मौजूद थे, लेकिन दोनों ने ही सभा को संबोधित नहीं किया। भीड़ के बेकाबू होने के बाद राहुल गांधी और अखिलेश यादव दोनों नेता बिना भाषण दिए ही मौके से चले गए। बाद में अखिलेश यादव और राहुल गांधी यमुनानगर के करछना में जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे।



### मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया हम करोड़ों को लखपति बनाएंगे: राहुल

इससे पहले राहुल गांधी ने प्रयागराज लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी उज्ज्वल रमण सिंह के समर्थन में जिले के यमुनापार करछना के मुंगारी गांव में आयोजित जनसभा में भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि पीएम नरेन्द्र मोदी ने 22 लोगों को अरबपति बनाया है। हम करोड़ों लखपति बनाने जा रहे हैं। सभी गरीबों की सूची बनेगी। उन्होंने कहा,हर गरीब परिवार में से एक महिला का नाम चुना जाएगा और करोड़ों महिलाओं के बैंक खाते में टकाटक-टकाटक साल के एक लाख रुपए, महीने के 8500 रुपए हम डालेंगे। हिंदुस्तान के किसानों को हम अनाज, आलू, गन्ना, कपास के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएमसी) की कानूनी गारंटी देने जा रहे हैं। हम उनका कर्ज माफ करेंगे। उन्होंने कहा,हम बेरोजगार युवकों को साल में एक लाख रुपए देने जा रहे हैं। अग्निवीर योजना को हम कूड़ेदान में फेंकेंगे। मजदूरों को मनरेगा में 400 रुपए और आशा कार्यकर्ताओं को दोगुनी आमदनी देने जा रहे हैं।

### योगी ने ली चुटकी... पब्लिक सब जानती है

दूसरी ओर सीएम आदित्यनाथ योगी भी रविवार को फूलपुर के दौरे पर थे। उन्होंने फूलपुर लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी प्रवीण पटेल के समर्थन में बहरिया के सिकंदरा रउजा गांव में जनसभा को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि कुछ देर पहले दोनों लड़के भी फूलपुर आए थे। पब्लिक ही नहीं थी, इसलिए बैरंग लौट गए। लोग उन्हें सुनना ही नहीं चाहते थे। उन्होंने कहा कि जनता उन्हें जान गई है। इसलिए जनता को जनार्दन बोला गया है। दो लड़कों की जोड़ी यहां से बैरंग लौटी है। यह जोड़ी यहां जोर आजमाइश करने आई थी, लेकिन फूलपुर की जनता ने उन्हें आसमान दिखा दिया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जब भी कांग्रेस और सपा का गठबंधन होता है, जब भी दो लड़कों की जोड़ी मिलती है तो कोई न कोई अनर्थ करने के लिए मिलती है। योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश की पूर्ववर्ती सपा सरकार पर निशाना साधते हुए कहा, इस पूरे प्रयागराज क्षेत्र में जिन लोगों ने वसूली के केंद्र खोले थे, गरीबों की जमीनों पर कब्जा कर रहे थे, बेटियों और व्यापारियों की सुरक्षा के लिए जो खतरा बने हुए थे, वे अब मिट्टी में मिल गए हैं।

## जरूरी खबर

### आपराधिक कानूनों के मामले में सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय भारतीय आपराधिक कानूनों में व्यापक संशोधन वाले तीन नए कानूनों के अधिनियमन को चुनौती देने वाली एक याचिका पर सोमवार को सुनवाई करेगा। पुराने कानूनों में विभिन्न प्रकार के दोषों और विसंगतियों के मद्देनजर आपराधिक कानूनों में बदलाव की मांग की जाती रही है। न्यायाधीश बेला एम त्रिवेदी और न्यायाधीश पंकज मिथल की अवकाशकालीन पीठ इस मामले की सुनवाई कर सकती है। लोकसभा ने पिछले साल 21 दिसंबर को तीन प्रमुख कानूनों - भारतीय न्याय (द्वितीय) संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा (द्वितीय) संहिता और भारतीय साक्ष्य (द्वितीय) विधेयक को पारित किया था। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 25 दिसंबर को इन विधेयकों पर अपनी मुहर लगा दी थी। ये नये कानून क्रमशः भारतीय दंड संहिता, दंड प्रक्रिया संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम की जगह लेंगे।

### व्हाट्सऐप पर लिखा तलाक, आरोपी गिरफ्तार

**हैदराबाद।** तेलंगाना में व्हाट्सऐप मैसेज के जरिए तीन तलाक देने का मामला सामने आया है। आदिलाबाद पुलिस ने इस आरोप में एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अब्दुल अतीक के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। आदिलाबाद के महिला पुलिस स्टेशन के इंस्पेक्टर जी श्रीनिवास ने बताया, अतीक ने साल 2017 में जैस्मीन नाम की लड़की से शादी की थी। उनकी 2 बेटियां हैं। दो साल से पति-पत्नी के बीच झगड़े हो रहे थे। पुलिस अधिकारी ने बताया कि साल 2013 में जैस्मीन ने अपने पति अब्दुल अतीक के खिलाफ उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया। इसके बाद वह अदालत गई और भरण-पोषण के लिए पैसे की मांग की। कोर्ट ने पेश होने के लिए अतीक को समन जारी किया।

### जियो का प्रीपेड यूजर्स के लिए नया प्लान लॉन्च

**मुंबई।** रिलायंस जियो ने अपने प्रीपेड ग्राहकों के लिए नया 3333 रुपए का वार्षिक प्लान लॉन्च किया है, जिसमें एक साल की वैधता के साथ कई शानदार सुविधाएं शामिल हैं।

इस प्लान के तहत यूजर्स को प्रतिदिन 2.5 जीबी हाई-स्पीड डेटा, किसी भी नेटवर्क पर अनलिमिटेड फ्री कॉलिंग और प्रतिदिन 100 एसएमएस मिलेंगे। ग्राहकों को एक साल के लिए फैनकोड का फ्री सब्सक्रिप्शन भी दिया जाएगा। यह प्लान चुनिंदा जियो एयर फाइबर, जियो फाइबर और जियो मोबिलिटी प्रीपेड ग्राहकों के लिए पेश किया है।

## लेह : मतदान की तैयारी... बूथ की ओर चले पोलिंग अधिकारी



*लेह। देश में सोमवार को आठ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 49 सीटों पर मतदान होगा। जिसके लिए रविवार को मतदान दल संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों के लिए रवाना हुईं। चित्र में लेह में मतदान अधिकारी रविवार को एक केंद्र पर ईवीएम और अन्य चुनाव सामग्री की जांच करते हुए। बाद में चुनाव अधिकारी ईवीएम व अन्य चुनाव सामग्री लेकर मतदान केंद्रों के लिए रवाना हुए।*

## भारतवंशी पायलट समेत छह ने की अंतरिक्ष की सैर



**नई दिल्ली/ वाशिंगटन।** भारतीय मूल के पायलट गोपी थोटाकुरा समेत छह लोगों ने रविवार को अंतरिक्ष की सैर की है। इनमें अमेरिका के पहले अश्वेत अंतरिक्ष यात्री के रूप में चुने गए 90 वर्षीय एड ड्विट भी शामिल थे, जिन्होंने आखिरकार 60 साल बाद अंतरिक्ष की उड़ान भरी। मिशन के दौरान अंतरिक्ष यान ने आवाज की गति से तीन गुना से अधिक या 2,000 मील प्रति घंटे से अधिक की गति से उड़ान भरी। रॉकेट ने कैप्सूल को पृथ्वी की सतह से करीब 100 किलोमीटर ऊपर अंतरिक्ष में धकेला। कंपनी ने बताया कि कैप्सूल करीब 10 मिनट तक अंतरिक्ष में रहा और उसके बाद सुरक्षित जमीन पर उतर आया। सभी अंतरिक्ष यात्री स्वस्थ हैं।

### आम आदमी पार्टी के प्रदर्शन के बीच गरजे सीएम केजरीवाल...कहा-

# BJP ने चलाया 'ऑपरेशन झाड़ू' आप को करना चाहते हैं खत्म

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने अपने सहयोगियों के साथ रविवार को दिल्ली की सड़कों पर उतरकर भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ प्रदर्शन किया। केजरीवाल ने भाजपा पर आम आदमी पार्टी (आप) को खत्म करने के लिए ऑपरेशन झाड़ू शुरू करने का भी आरोप लगाया। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने यह प्रदर्शन केजरीवाल के सहयोगी रहे बिभव कुमार की गिरफ्तारी के एक दिन बाद किया। बिभव पर आरोप है कि उन्होंने आप की ही राज्य सभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ मुख्यमंत्री आवास में मारपीट की थी। रविवार को अदालत ने बिभव को पांच दिन के हिरासत में भेज दिया। केजरीवाल



और आम आदमी पार्टी के नेताओं ने अपने पार्टी कार्यालय से भाजपा मुख्यालय तक पैदल मार्च निकाला। दोनों पार्टियों का मुख्यालय राष्ट्रीय राजधानी के दीन दयाल मार्ग पर ही है। वहीं, दिल्ली पुलिस ने भी भारी सुरक्षा का इंतजाम किए थे। पुलिस ने कहा है कि उन्होंने आम आदमी पार्टी को किसी प्रोटेस्ट की इजाजत नहीं दी है। विरोध प्रदर्शन से पहले केजरीवाल ने अपनी पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा, 'प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आम आदमी पार्टी की बढ़ती लोकप्रियता से चिंतित हैं। हमारी पार्टी बहुत तेजी से आगे बढ़ी है। उन्होंने पार्टी को कुचलने के लिए ऑपरेशन झाड़ू शुरू किया है। आने वाले दिनों में हमारे बैंक खातों से लेन-देन पर रोक लगा दी जाएगी, हमारा कार्यालय भी छीन लिया जाएगा और हम सड़क पर आ जाएंगे।

केजरीवाल ने कहा कि इस गिरफ्तारी के आह्वान में भगवंत मान भी आनेवाले थे। लेकिन मैंने उनको कहा कि आज हमलोगों को जाने दो। अगर आज ये गिरफ्तार करते हैं तो ठीक है, आप सोमवार को गिरफ्तारी देने आ जाना। हम देखते हैं कि इनमें हमें गिरफ्तार करने की हिम्मत है या नहीं?

### आप देश के 140 करोड़ लोगों की सोच

उन्होंने कहा कि ऐसा करके भी आम आदमी पार्टी को खत्म नहीं किया जा सकता। यह पार्टी देश के 140 करोड़ लोगों की सोच है। हमने जो कर दिखाया है, वो आजादी के 75 साल में कभी नहीं हुआ। लोगों को उनके सपने सच होते दिखाई देने लगे हैं। यह सब मोदी जी नहीं कर पा रहे। इसीलिए एक एक करके सभी बड़े नेताओं को गिरफ्तार कर रहे हैं।

### यूपी एटीएस की कार्रवाई

## नौसेना की जासूसी आईएसआई एजेंट को किया गिरफ्तार

**एजेंसी** | लखनऊ

आईएनएस विक्रमादित्य, आईएनएस विक्रांत जैसे युद्धक जहाजों में इंसुलेशन लगाने वाले पार्ट टाइम वर्कर को यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई के लिए जासूसी करने के आरोप में गिरफ्तार किया है। आरोपी गोरखपुर निवासी राम सिंह नौ सेना से जुड़ीं जानकारियां आईएसआई को मुहैया कराता था। इससे पहले यूपी एटीएस ने पाकिस्तानी एजेंट को पैसे देने के आरोपी जियाउल हक को गिरफ्तार किया था। आईजी एटीएस नीलाब्जा चौधरी ने बताया कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी द्वारा फर्जी नाम से भारतीय नौसेना के कर्मचारियों और शिपयार्डों में काम करने वाले लोगों को बहला-फुसलाकर और पैसों का लालच देकर नौसेना



से जुड़ी गोपनीय व संवेदनशील सूचनाएं-दस्तावेज हासिल किए जा रहे हैं। मामले की जांच में पता चला कि गोरखपुर के पिपराइच का रहने वाला राम सिंह पाकिस्तानी महिला जासूस के सम्पर्क में है। पाकिस्तानी एजेंट राम सिंह के बैंक खाते में लगातार पैसा भेज रहे हैं। यह भी सामने आया कि राम सिंह ने पाकिस्तानी एजेंटों के लिए भारतीय नौसेना की गोपनीय सूचना देने वाले साथियों को भी धन उपलब्ध कराया है। राम सिंह से पूछताछ में एटीएस को कई जानकारियां मिली हैं।

### स्वाति मालीवाल के साथ मारपीट का मामला

## बिभव कुमार को पांच दिन की हिरासत में भेजा

■ केजरीवाल के आवास पहुंची पुलिस टीम, सीसीटीवी के डीवीआर ले गई साथ

**एजेंसी** | नई दिल्ली

दिल्ली की तीस हजारी कोर्ट आम आदमी पार्टी की नेता एवं राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल के साथ कथित मारपीट मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की पांच दिन की पुलिस हिरासत को मंजूरी दी। इसके साथ ही अदालत ने बिभव कुमार को लेकर महत्वपूर्ण टिप्पणियां भी कीं। दूसरी ओर दिल्ली पुलिस की एक टीम रविवार को सीएम केजरीवाल के आवास पर पहुंची। एडिशनल



डीसीपी अंजिथा चेपियाल और सिविल लाइंस थाने के एसएचओ केजरीवाल के आवास पर पहुंचे हैं। बताया जा रहा है कि पुलिस यहां से सीसीटीवी का डीवीआर अपने साथ ले गई है। इस बीच दिल्ली पुलिस से जुड़े सूत्रों के हवाले से कहा जा रहा है कि पुलिस इस पर मामले में सबूतों से छेड़छाड़ से संबंधित धारा भी जोड़ सकती है।

ज्ञात रहे कि कोर्ट ने शनिवार देर रात जारी अपने आदेश में कहा कि दोनों पक्षों की ओर से दी गई दलीलों पर विचार करने के बाद मौजूदा मामले में पुलिस हिरासत की आवश्यकता है। हिरासत देते समय, अदालत ने मामले के उन तथ्यों पर गौर किया जो आरोपी के बारे में बहुत कुछ बताते हैं। इसमें यह तथ्य भी शामिल था कि वीडियो फुटेज उसके पेनड्राइव से डिलीट कर दिया गया था।

### सीआरपीएफ ने अपने कर्मी बुलाए वापस

## अब CISF करेगी संसद की सुरक्षा

**एजेंसी** | नई दिल्ली

भारतीय लोकतंत्र के 'मंदिर' संसद की सुरक्षा अब से सीआईएसएफ करेगी। आधिकारिक सूत्रों की मानें तो 1400 सीआरपीएफ कर्मचारियों की वापसी के बाद 3300 से अधिक सीआईएसएफ कर्मी सोमवार से संसद परिसर में पूर्ण आतंकवाद विरोधी और तोड़फोड़ विरोधी सुरक्षा कर्तव्यों को संभालेंगे। गौरतलब है कि सीआरपीएफ के पार्लियामेंट ड्यूटी ग्रुप (पीडीजी) ने शुक्रवार को परिसर से अपने कमांडो, प्रशासनिक और परिचालन सामान, जैसे हथियार और कमांडों को हटा दिया है। भारत सरकार ने



पुराने और नए संसद भवनों और संबंधित संरचनाओं की सुरक्षा के लिए कुल 3,317 सीआईएसएफ कर्मियों को शामिल किया है। 13 दिसंबर को हुई सुरक्षा चूक के बाद सरकार ने सीआरपीएफ को कार्यभार संभालने का निर्देश दिया। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि सीआईएसएफ की आतंकवाद विरोधी इकाई 20 मई को सुबह 6 बजे से संसद परिसर का पूरा प्रभार ले लेगी।

### पीएम सुनक की ग्रेजुएट रूट पॉलिसी खत्म करने की योजना

# भारतीय छात्रों के ब्रिटेन में पढ़ने के अवसर होंगे कम!

**एजेंसी** | नई दिल्ली/ लंदन

ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक कानूनी प्रवासन के आंकड़ों को कम करने के लिए पोस्ट स्टडी वीजा (ग्रेजुएट रूट पॉलिसी) पर प्रतिबंध लगाने पर विचार कर रहे हैं। यह स्नातकों को उनके डिग्री कोर्स के बाद दो साल तक रहने और काम करने की अनुमति देता है। ऋषि सुनक अगर ग्रेजुएट रूट वीजा खत्म करते हैं तो इसका भारतीय छात्रों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा। इस वीजा योजना के तहत सबसे ज्यादा भारतीय छात्रों ने ही आवेदन किया है। हालांकि इसके लिए ऋषि सुनक को भारी विरोध का सामना करना पड़ रहा है। सुनक की पार्टी के ही कई नेताओं



ने इसका विरोध शुरू कर दिया है। रविवार को एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

यह योजना वर्ष 2021 में शुरू होने के बाद से यह भारतीयों की पसंद बनी हुई है। ब्रिटिश मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, इस वीजा के तहत ब्रिटेन की सरकार ब्रिटिश यूनिवर्सिटी से स्नातक करने वाले विदेशी छात्रों को और दो वर्षों तक ब्रिटेन में रहकर काम करने की सुविधा देती है।

ब्रिटेन की स्वतंत्र अप्रवासन सलाहकार समिति ने दावा किया है कि इस वीजा योजना का दुरुपयोग नहीं हो रहा है और इसे जारी रखा जाना चाहिए। खासकर आर्थिक नुकसान से जूझ रहीं ब्रिटेन की यूनिवर्सिटीज के लिए यह योजना जारी रखी जानी चाहिए। ज्ञात रहे कि इससे पहले ब्रिटेन की सरकार की ओर से अप्रवासियों के लिए न्यूनतम सालाना इनकम 18, 600 यूके पाउंड (लगभग 19 लाख 33 हजार) से 38,700 यूके पाउंड (लगभग 40 लाख 22 हजार रुपया) तय कर दी थी। इस बदलाव का भी भारतीय छात्रों पर सर्वाधिक असर पड़ने की संभावना व्यक्त की गई थी।र भारतीय छात्रों को सबसे ज्यादा ग्रजुएट वीजा की जरूरत पड़ती है। जनवरी 2024 से छात्र वीजा पर किसी भी रिश्तेदार या पहचान के लोगों को ब्रिटेन नहीं ले जाने का नियम बना है।

### सुनक को अपने ही मंत्रिमंडल के सदस्यों के विरोध का करना पड़ रहा है सामना

द आब्जर्वर के अनुसार, सुनक को ग्रेजुएट रूट योजना को खत्म करने की योजना पर कैबिनेट के विद्रोह का सामना करना पड़ रहा है। इसका विरोध करने वालों में शिक्षा मंत्री गिलियन कीगन, चांसलर जेरेमी हंट और विदेश मंत्री डेविड कैमरन शामिल हैं। ऐसा तब हुआ है, जब विश्वविद्यालय और व्यापार प्रमुखों ने चेतावनी दी है कि ग्रेजुएट रूट योजना में किसी भी तरह की कटौती से ब्रिटेन भारतीय सहित विदेशी छात्रों के लिए कम आकर्षक हो जाएगा। ब्रिटेन की कई यूनिवर्सिटीज ने भी सरकार के इस संभावित फैसले की आलोचना की है। प्रवासन पर यूके सरकार को सलाह देने वाली प्रभावशाली समिति ने पाया है कि साल 2021 से 2023 के बीच 89,200 भारतीय छात्रों को ब्रिटेन का वीजा मिला, जो कुल अनुदान का 42 प्रतिशत रहा। 2023 में 3 लाख से अधिक भारतीयों ने ब्रिटेन में काम को लेकर वीजा के लिए अप्लाई किया था। यह संख्या साल 2022 की तुलना में 61 फीददी अधिक थी।

### जूता कारोबारियों पर छापे

## 30 घंटे से कार्रवाई, 100 करोड़ तक पहुंची जब्ती!



**एजेंसी** | आगरा

आयकर विभाग के छापे में तीन जूता कारोबारियों से 100 करोड़ रुपए की जब्ती का अनुमान है। शनिवार दोपहर 12 से रविवार शाम छह बजे तक 14 ठिकानों पर छापा जारी था। आलोक नगर स्थित हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग के घर से 60 करोड़ की नकदी मशीनों से गिनी जा चुकी थी। खबर लिखे जाने तक नोटों की गिनती जारी थी। जयपुर हाउस स्थित आलोक नगर में हरमिलाप ट्रेडर्स के रामनाथ डंग का घर है। घर में पलंग, अलमारी, जूते के डिब्बे, थैलों व दीवारों से भी 500-500 के नोटों की गड्डियां निकलीं। आयकर अधिकारियों ने जब्त की गई राशि की घोषणा नहीं की है। आयकर सूत्रों के अनुसार जब्त की गई राशि 100 करोड़ रुपये तक हो सकती है। जिनमें अधिकांश 500-500 के नोटों के बंडल है।

## वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे: हेरिटेज वॉक में शामिल हुए हजारों जयपुरवासी



## दुनिया के 25 शहरों में दिया

# लोगों को फिट रहने का संदेश

बेधड़क | जयपुर

जयपुर वासियों ने रविवार को राजधानी सहित दुनिया के 25 शहरों में लोगों को फिट रहने का संदेश दिया। मौका रहा वर्ल्ड एब्डोमिनल कैंसर डे पर इंटरनेशनल मल्टीसिटी अवेयरनेस वॉक का, जिसमें हजारों लोगों ने 3 किमी. की वॉक कर हेल्दी एवं फिट रहने की अपील की।

रविवार को जलेब चौक से शुरू हुए इस कार्यक्रम का आयोजन एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट की ओर से कराया गया था। तड़के 6 बजे जलेब चौक से रवाना हुई अवेयरनेस वॉक जंतर-मंतर, सिटी पैलेस, आतिश मार्केट, त्रिपोलिया बाजार, बड़ी चौपड़ और हवामहल होती हुए वापस जलेब चौक पर पहुंचकर समाप्त हुई।



### फ्लैग ऑफ कर किया रवाना

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी पंडित सुरेश मिश्रा, जेपीआईएस ग्रुप की निदेशक जय श्री पेरीवाल, जिला एवं सेशन न्यायाधीश ज्ञान प्रकाश गुप्ता, एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट के फाउंडर व एब्डोमिनल कैंसर डे के संस्थापक डॉ. संदीप जैन और वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट के सह संस्थापक एवं एचईएमआर के निदेशक मुकेश मिश्रा ने फ्लैग ऑफ कर इंटरनेशनल मल्टी सिटी वॉक को रवाना किया। इस मौके पर एडवोकेट कमलेश शर्मा रवि गोयंका, हरिशंकर शर्मा, प्रवीण तिजारिया , दीपक शर्मा , निपुन वधवा, डॉक्टर श्याम सुंदर शर्मा सहित अन्य गणमान्य जन एवं एंबेसडर उपस्थित रहे।

### चॉइस हेल्दी हो तो जीवन सुरक्षित

इस मौके पर एब्डोमिनल कैंसर ट्रस्ट के फाउंडर और एब्डोमिनल कैंसर डे के संस्थापक डॉ. संदीप जैन ने कहा कि मरना कैसे है, यह अपने हाथ में है। अगर चॉइस हेल्दी हो तो जीवन को सुंदर एवं सुरक्षित बनाया जा सकता है। उन्होंने लोगों को अवेयर करते हुए बताया कि एब्डोमिनल कैंसर के मामलों में 100 मरीजों में से केवल 20 ही ठीक हो पाते हैं। वजह है कि उनमें से अधिकांश 3 से 18 महीनों तक परामर्श के लिए आते ही नहीं हैं।




### एबीसीडी का 5वां संस्करण रहा खास

इस अवसर पर जय श्री पेरीवाल ने कहा कि एब्डोमिनल कैंसर डे का यह 5वां संस्करण वाकई में काफी अद्भुत रहा है। कैंसर के प्रति लोगों को वॉक के जरिए अवेयर करना काफी यूनिक तरीका है। उन्होंने लोगों से एब्डोमिनल कैंसर के प्रति अवेयर और लगातार डॉक्टर्स से परामर्श लेने की सलाह दी। वहीं, कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंडित सुरेश मिश्रा ने कहा कि सामूहिक प्रयासों से ही हम सभी मिलकर एब्डोमिनल कैंसर को हरा सकते हैं।

### इन शहरों में हुई अवेयरनेस वॉक

मुकेश मिश्रा ने बताया कि इंटरनेशनल मल्टी सिटी वॉक जयपुर, दिल्ली, मुंबई, सूरत, बैंगलुरू, नागपुर, भावनगर के साथ साथ ऑक्सफोर्ड, लंदन, मैनचेस्टर और न्यूयॉर्क सहित अन्य शहरों में हुई। यहां पर हजारों लोगों ने फिट रहने के संदेश के साथ 3 किमी. की वॉक करते हुए लोगों को एब्डोमिनल कैंसर के प्रति जागरूक किया।

## आचार्य प्रज्ञा सागर को चातुर्मास के लिए श्रीफल भेंट



### चातुर्मास को आने पर विचार का आश्वासन

बेधड़क | जयपुर

आचार्य प्रज्ञा सागर महाराज का दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार बापूगांव में चातुर्मास करवाने के लिए जयपुर वासियों ने रविवार को जयकारों के साथ उन्हें श्रीफल भेंट किया। दल प्रमुख अनिल जैन बनेठा एवं अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार के अध्यक्ष प्रकाश चन्द बाकलीवाल के नेतृत्व में श्री महावीर तपोभूमि उज्जैन में आयोजित धर्म सभा के दौरान सिर पर श्रीफल की टोकरी एवं हाथों में 'छोटा गिरनार में हो चौमासा' की तख्तियां लेकर सकल दिगम्बर जैन समाज छोटा गिरनार, सकल दिगम्बर जैन समाज निमोडिया एवं जयपुर वासियों की ओर से नाचते-गाते श्री फल भेंट कर छोटा गिरनार अतिशय क्षेत्र में वर्ष 2024 का चातुर्मास करने के लिए निवेदन किया। निमोड़िया ने बताया कि तपोभूमि क्षेत्र कमेटी की ओर से सभी का स्वागत किया गया।

कार्यक्रम में दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र छोटा गिरनार बापू गांव के संरक्षक अनिल जैन बनेठा, अध्यक्ष प्रकाश चंद बाकलीवाल, मंत्री पारसमल जैन, कोषाध्यक्ष रमेश चंद गंगवाल, चित्रकूट कालोनी जैन समाज के अध्यक्ष केवल चंद जैन, महेंद्र कुमार जैन, कमलेश जैन, राजस्थान जैन सभा के कार्यकारिणी सदस्य जिनेंद्रगंगवाल जीतू, प्रेम चंद जैन, संजू जैन सिद्धार्थ नगर, मनोज बाकलीवाल, अमित जैन निमोड़िया, सरपंच पलक जैन निमोड़िया सहित महिला मंडल की सदस्याएं शामिल हुई। आचार्य ने चातुर्मास करने के लिए आने पर विचार करने का आश्वासन दिया।

## City इवेंट्स

### 'गुड बेड अग्ली' का फर्स्टलुक रिलीज



**बेधड़क. जयपुर।** तमिल सुपर स्टार थाला अजीत कुमार की अपकमिंग फिल्म गुड बेड अग्ली का फर्स्टलुक रिलीज कर दिया गया है। अधिक रविचंद्रन के डाइरेक्शन में बनी यह मूवी अगले साल पोंगल पर रिलीज होगी। खास बात यह है कि इस मूवी में थाला अजीत कुमार तीन भूमिकाओं (ट्रिपल रोल) में नजर आएंगे। ऐसा दूसरी बार होगा जब थाला किसी मूवी में ट्रिपल रोल प्ले करेंगे। इससे पहले अजीज कुमार 2006 में आई उनकी ब्लॉक बस्टर मूवी वारा लारू में तीन रोल किए थे। फर्स्टलुक पोस्टर में थाला पूरी बॉडी और उंगलियों में गोल्ड ज्वेलरी पहने हुए हैं। वे एक टेबल पर हाथ रखकर मुस्करा रहे हैं, जिस पर हथियार रखे हुए हैं। पोस्टर को देखकर लग रहा है कि यह मूवी क्राइम कॉमेडी थ्रिलर है। माइथ्री मूवी मेकर्स ने मूवी का यह पोस्टर शेयर किया है।

### 'रामाज कुर्तीज' में रक्तदान शिविर आज

**बेधड़क. जयपुर।** सीतापुरा स्थित रामाज कुर्तीज की फैक्ट्री में सोमवार को सुबह 9 बजे से 3 बजे तक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर मंजू टेलर और महावीर टेलर की शादी की 39वीं वर्षगाठ पर पिछले 15 साल से लगाया जा रहा है। शिविर में भगवान महावीर कैन्सर ब्लड बैंक, स्वास्थ्य कल्याण ब्लड बैंक और महात्मा गांधी ब्लड बैंक के सहयोग से रक्त एकत्र किया जाएगा।

### काकोरी की ट्रेन डकैती मंच पर हुई जीवंत

**बेधड़क. जयपुर।** नेट थियेट कार्यक्रमों की श्रृंखला में प्रोग्रेसिव फोरम संस्था की ओर से रविवार को रंगकर्मी सुधांशु शुक्ला द्वारा लिखित और निर्देशित नाटक काकोरी -द ट्रेन एक्शन का मंचन किया गया। नेटथियेट के राजेन्द्र शर्मा राजू ने बताया कि यह नाटक पीयूष मिश्रा द्वारा लिखित नाटक गगन दमामा बाज्यों से प्रेरित है। नाटक हिंदुस्तान रिपब्लिकन एसोसिएशन के गठन और 9 अगस्त 1925 में हुई ट्रेन की डकैती को दर्शाता है, जो काकोरी स्टेशन पर हुई थी। इस डकैती ने अंग्रेजों की बुनियाद हिला दी थी। नाटक में संगीत और गायन के माध्यम से क्रांतिकारी काल को भी दशार्या गया। नाटक में दीपक सैनी, देव स्वामी, श्योजित कुमार, आकाश शर्मा, प्रवीण, दिव्यांश शिवानानी, विवेक झाकड़, अमित डागर, गरिमा सिंह राजावत, श्वेता चोला गाई खत्री और सावन जांगिड़ ने अभिनय किया। मंच व्यवस्था सावन कुमार जांगिड़, संगीत सुधांशु शुक्ला और अमित चौधरी, प्रकाश व्यवस्था सावन, तकनीकी सहयोग गिरिश कुमार यादव का रहा। कार्यक्रम संयोजक नवल डांगी, कैमरा मनोज स्वामी प्रकाश, साउंड विनोद सागर गढ़वाल मंच संयोजन अंकित शर्मा नोनू एवं जीवित शर्मा का रहा।

### फिक्की फ्लो की 300 सदस्यों ने भाग लिया

## 'सोल फेस्टिवल' में सीखे तनाव मुक्त जीवन जीने के तौर तरीके



बेधड़क | जयपुर

फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर की ओर से अध्यक्ष रघुश्री पोद्दार के नेतृत्व में जय महल पैलेस (पूलसाइड) में 'सोल फेस्टिवल' का आयोजन किया। फेस्टिवल का संचालन प्रसिद्ध ट्रांसफॉर्मेशन कोच, योग और ध्यान शिक्षक, लेखक, और हाउस ऑफ कपाली की संस्थापक डॉ. मानसी महाजन ने किया। सोल फेस्टिवल में फिक्की फ्लो जयपुर चैप्टर के 300 सदस्यों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रतिभागियों को डॉ. मानसी के साथ मिलकर सीखने और एक समस्या-मुक्त दर्शन में गहराई से उतरने, और तनाव-मुक्त जीवन जीने के तरीके सीखने में मदद करना था।

फेस्टिवल का मूल 'हकुना मटाटा' मानसिकता में समाहित था, जो प्रतिभागियों को शुद्ध आनंद, आंतरिक पुनर्जनन, और पूर्ण आनंद को अपनाने के लिए प्रेरित करता है। डॉ. मानसी का शिक्षण, जो रहस्यवाद, विज्ञान, और योगिक सिद्धांतों का मेल हैं, इस विश्वास पर आधारित हैं कि आंतरिक परिवर्तन बाहरी परिवर्तन से पहले होता है। यह दर्शन वैश्विक स्तर पर हजारों जीवन को छू चुका है और बदल चुका है।

### श्री हित हरिवंश महाप्रभु का प्राकट्योत्सव

## संतों के सान्निध्य में 'हरिवंश जी की वाणी' पुस्तक का विमोचन



बेधड़क | जयपुर

गोविंद देवजी मंदिर के सत्संग भवन में गोस्वामी श्रीहित हरिवंश महाप्रभु के 551वें प्राकट्योत्सव का समापन रविवार को हुआ। इस अवसर पर बधाइगान और प्रवचन संकीर्तन का आयोजन किया गया।

गोविंद देव मंदिर के महंत अंजन कुमार गोस्वामी, त्रिवेणी धाम से राम रिछपाल दास महाराज, सरस निकुंज से अलबेली माधुरी शरण जी महाराज, सियाराम दास जी, धर्म प्रचारक विजय शंकर पाण्डेय और कई संत महंतों ने आयोजन में शिरकत की। मंदिर महंत अंजन कुमार गोस्वामी ने संतों का सॉल दुपट्टा प्रसाद राधा गोविंद देव जी की छवि देकर सम्मानित किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश टाक ने आगंतुक संत महंतों का साल और श्रीफल देकर सम्मानित किया। इस मौके पर हरिवंश जी की वाणी पुस्तक का विमोचन संतों के सानिध्य में हुआ। कमल मुकुट, किशोर कुमार, कैलाश चन्द सिंघल, स्वामी हरिराम कौशिक, रमेश चंद्र डेरे वाले, मोहित अग्रवाल, राजेंद्र टांक,विष्णु टांक, ललित मोहन अग्रवाल एवं अन्य ने संतों का आशीर्वाद लिया। गौरतलब है श्रीहित हरिवंश महाप्रभु के प्राकट्योत्सव का शुभारंभ 17 मई से हुआ था।

ब्यूटी पीजेंट | मिस राजस्थान 2024 का ग्रैंड फिनाले 25 को

## टॉप 28 गर्ल्स पहुंची जयपुर, केक काटकर किया स्वागत

बेधड़क | जयपुर

मिस राजस्थान 2024 का ग्रैंड फिनाले मई को 25 को बिड़ला ऑडिटोरियम में होगा। पूरे राजस्थान से सलेक्ट की गई टॉप 28 गर्ल्स के हिल्टन जयपुर पहुंचने के साथ ही इसका कांउटडाउन शुरू हो चुका है।

मिस राजस्थान के डायरेक्टर योगेश मिश्रा, निमिषा मिश्रा एवं हिल्टन के जीएम राहुल भगत ने इंटरनेशनल पेजेंट की तरह गर्ल्स का स्वागत केक काटकर किया। फ्यूजन ग्रुप के द्वारा एवं आर्य ग्रुप ऑफ कॉलेज व रूबी डिजिटल के सहयोग से आयोजित मिस राजस्थान स्टेट ब्यूटी कॉन्टेस्ट में प्रतिभागी गर्ल्स को इस वीकेंड में नेशनल एवं इंटरनेशनल ब्यूटी पेजेंट के एक्पर्ट ग्रुमिंग कर रहे हैं । 14 दिन से गर्ल्स के लिए फिनाले के 2 सप्ताह के तहत विभिन्न इवेंट आयोजित किए गए।




### वॉक की बारीकियों से कराया अवगत

फैशन कोरियोग्राफर शाहरुख खान ने गर्ल्स को वॉक की बारीकियों से अवगत कराया। ग्रैंड फिनाले में निवारण कॉलेज आफ डिजाइनिंग के 28 उभरते डिजाइनर अपना कलेक्शन शोकेस करेंगे साथ ही फेमस फैशन डिजाइनर मंदाकिनी के प्रशांत कुमार पोद्दार का कलेक्शन फिनाले में शोकेस किया जाएगा।

### समय पर और पर्याप्त खाना जरूरी

फिनाले वीक के प्रथम दिन रविवार को न्यूट्रिशन एक्सपर्ट डीटी कीर्ति जैन ने अपने सेशन में न्यूट्रीशन है जरूरी के टिप्स दिए। जैन ने बताया कि रूटीन भागती दौड़ती लाइफ में लोग हेल्दी फूड खाना व समय पर भोजन करना भूल गए हैं समय पर खाना और पर्याप्त मात्रा में खाना शरीर के लिए बहुत जरूरी है और साथ ही कीर्ति जैन ने बताया। हेल्दी फूड इस तरीके से शरीर के लिए जरूरी है जिस तरीके से हवा और पानी।

### इजराइल ने गाजा में फिर बरपाया कहर

# हवाई हमले में 20 की मौत



एजेंसी | तेल अवीव

इजराइल की सेना ने गाजा में एक बार फिर से कहर बरपाया है। इजराइली हवाई हमले में 20 लोग मारे गए, जिनमें ज्यादातर महिलाएं और बच्चे थे। इस बीच, हमास के साथ युद्ध समाप्त होने के बाद गाजा पर शासन को लेकर इजराइल के नेताओं में मतभेद के सामने आ गया। इसके बाद रविवार को पूरे उत्तर में लड़ाई भड़क गई। यह युद्ध फिलहाल 8वें महीने में प्रवेश कर चुका है। इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को अपने ही मंत्रिमंडल की आलोचना का सामना करना पड़ रहा है। इजराइल के 3 सदस्यीय युद्ध कैबिनेट के सदस्य बेनी गैंट्ज ने धमकी दी है कि युद्ध के बाद गाजा में अंतरराष्ट्रीय प्रशासन को समाहित करने वाली कोई नई योजना 8 जून तक तैयार नहीं की गई तो वह सरकार छोड़ देंगे। अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन इजराइल के बड़े नेताओं से मुलाकात कर सकते हैं, जिसमें सऊदी अरब की ओर से इजराइल को मान्यता देना शामिल है। साथ ही देश का दर्जा प्राप्त करने के बदले गाजा पर शासन करने में फिलिस्तीनी अथॉरिटी की मदद करने की महत्वाकांक्षी अमेरिकी योजना पर चर्चा की जाएगी। फिलिस्तीन को देश का दर्जा देने के विरोधी नेतन्याहू ने इन प्रस्तावों को खारिज कर दिया। गाजा पर इजराइल सुरक्षा नियंत्रण स्थापित करेगा और पश्चिमी देशों से समर्थित फिलिस्तीनी प्राधिकरण और हमास से नहीं जुड़े स्थानीय लोगों के साथ साझेदारी करेगा।

#### इजराइल-हमास युद्ध का कोई अंत नहीं आ रहा नजर

भले ही युद्ध के बाद की योजना पर चर्चा जोरों पर हो, लेकिन हमास और गाजा के बीच जारी युद्ध का कोई अंत नजर नहीं आ रहा है। हाल के सप्ताह में हमास उत्तरी गाजा के उन हिस्सों में फिर से संगठित हो गया जिन पर युद्ध के शुरुआती दिनों में भारी बमबारी की गई थी। दीर अल-बलाह के अल-अक्सा शहीद अस्पताल के रिकॉर्ड के अनुसार, नुसीरात शरणार्थी शिविर पर किए गए हवाई हमले में 8 महिलाओं और 4 बच्चों सहित 20 लोग मारे गए। फिलिस्तीनी रेड क्रिसेंट आपातकालीन सेवा के अनुसार, नुसीरात पर किए गए हवाई हमले में 5 अन्य लोगों की मौत हो गई। दीर अल-बलाह में किए गए हवाई हमले में हमास की ओर से संचालित पुलिस के सीनियर अधिकारी जाहेद अल-हौली और एक अन्य व्यक्ति की मौत हो गई।

### अफगानिस्तान के गोर प्रांत में 68 लोगों की मौत

# बाढ़ ने मचाई तबाही

एजेंसी | काबुल

अफगानिस्तान में पिछले महीने से हो रही भारी बारिश ने तबाही मचा रखी है। पश्चिमी अफगानिस्तान के गोर प्रांत में पिछले 24 घंटे के दौरान हुई बारिश के कारण कई जगह पर बाढ़ आ गई। इसमें 68 लोगों की मौत हुई है। तालिबान के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की संख्या प्रारंभिक सूचनाओं पर आधारित है और यह बढ़ सकती है।

गोर प्रांत के गवर्नर के प्रवक्ता अब्दुल वाहिद हमास ने कहा कि दर्जनों लोग लापता हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बाढ़ के बाद राजधानी फिरोज कोह समेत विभिन्न क्षेत्रों में हजारों मकानों व संपत्तियों के क्षतिग्रस्त होने और सैकड़ों हेक्टेयर कृषि भूमि के नष्ट होने से प्रांत को काफी वित्तीय नुकसान हुआ है। प्रांतीय पुलिस प्रवक्ता अब्दुल रहमान बदरेस ने कहा कि बाढ़ ने प्रांत के शाहरक, डुलिना, लाल और सरजंगल जिलों को अपनी चपेट में ले लिया। जिसमें 2,000 आवासीय घर और 2,500 दुकानें तबाह हो गईं।'



#### फरयाब में 18 लोगों की मौत

भारी बारिश और बाढ़ ने घोर के पड़ोसी प्रांतों हेरात और फराह की सड़कें भी अवरुद्ध कर दीं। इस बीच उत्तरी प्रांत फरयाब में 18 लोग मारे गए और दो अन्य के घायल होने की खबर है। गवर्नर एस्मातुल्लाह मोरादी के प्रवक्ता ने कहा कि चार जिलों में संपत्ति और भूमि को नुकसान पहुंचने की खबर है और 300 से अधिक जानवर मारे गए हैं।

**बीते सप्ताह हुई थी 300 लोगों की मौत:** पिछले हफ्ते संयुक्त राष्ट्र खाद्य एजेंसी ने कहा था कि अफगानिस्तान में असामान्य रूप से हुई भारी मौसमी बारिश के कारण 300 से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है और हजारों मकान नष्ट हुए हैं। बाढ़ का सबसे ज्यादा कहर बागलान में बरपा था। विश्व खाद्य एजेंसी ने कहा था कि बचे हुए लोगों के पास न तो घर बचा है, न जमीन और ना ही आजीविका का कोई साधन शेष है। बगलान के ज्यादातर हिस्सों तक ट्रकों को पहुंचना संभव नहीं है। एजेंसी ने कहा है कि वह लोगों तक भोजन पहुंचाने के लिए हर संभव विकल्प को अपना रही है।

### यूक्रेनी सैनिकों ने सभी हमलावरों को मार गिराया

# रूस का यूक्रेन के 8 इलाकों में ड्रोन अटैक



एजेंसी | कीव

यूक्रेन की वायु सेना प्रमुख ने रविवार को कहा कि यूक्रेन की सेनाओं ने रूस द्वारा रात भर में लॉन्च किए गए सभी 37 हमलावर ड्रोनों को नष्ट कर दिया है। कमांडर ने कहा कि विमान-रोधी लड़ाई के परिणामस्वरूप, कीव, ओडेसा, मायकोलाइव, सुमी, विनित्सिया, ज़ाइटॉमिर, चर्कासी और खेरसॉन क्षेत्रों में सभी 37 'ड्रोनों' को मार गिराया गया। ओडेसा के गवर्नर ओलेह किपर ने टेलीग्राम मैसेजिंग ऐप पर कहा कि ओडेसा क्षेत्र में 20 ड्रोन नष्ट कर दिए गए। किपर ने कहा कि मलबा गिरने से ओडेसा जिले में एक प्रशासनिक भवन क्षतिग्रस्त हो गया। ओडेसा में मलबा एक आवासीय क्षेत्र के प्रांगण में गिरा। हालांकि कोई घायल नहीं हुआ ।अन्य क्षेत्रों में सैन्य और नागरिक अधिकारियों द्वारा किसी विनाश या हताहत की सूचना नहीं दी गई है।

## मोटर बोट और क्रूज जहाज में टक्कर, दो लोगों की मौत

एजेंसी | बुडापेस्ट

हंगरी की राजधानी बुडापेस्ट के डेन्यूब नदी में एक बड़े हादसे की खबर आई है। यह हादसा शनिवार देर रात हुई। यह हादसा तब हुई जब बुडापेस्ट के उत्तर में डेन्यूब नदी पर एक छोटी मोटर बोट और एक क्रूज जहाज की संदिग्ध टक्कर के बाद दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य लोग लापता गए।

# किर्गिस्तान से छात्रों को वापस लाएगा पाक

एजेंसी | बिश्केक



किर्गिस्तान की राजधानी बिश्केक में छात्रों से मारपीट के बाद पाक ने वहां से अपने स्टूडेंट्स को निकालना शुरू कर दिया है। विदेश मंत्री इशाक डार ने बताया कि 3 स्पेशल फ्लाइट्स के जरिए करीब 540 छात्रों को वापस लाया जाएगा। लाहौर में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान डार ने कहा कि 130 स्टूडेंट किर्गिस्तान से लौट चुके हैं। किर्गिस्तान में मौजूद पाकिस्तानी दूतावास के जरिए छात्रों को फ्लाइट की जानकारी दे दी गई है। हालांकि, अब तक करीब 50 छात्रों ने ही लौटने की इच्छा जताई है। उधर, हिंसा से डरे भारतीय छात्रों ने भी स्वदेश लौटने की इच्छा जताई है। भारत के करीब 15 हजार छात्र पढ़ाई के लिए किर्गिस्तान गए हुए हैं। दरअसल, किर्गिस्तान में 17 मई को भारतीय-पाकिस्तानी छात्रों से मारपीट की गई थी। स्थानीय छात्र उन हॉस्टल्स में घुस गए थे, जहां भारतीय, पाकिस्तानी और बांग्लादेशी छात्र रह रहे थे। इस दौरान 5 पाकिस्तानी स्टूडेंट्स घायल हुए थे।

### मास्क पहनने की सलाह

# सिंगापुर में नई कोविड-19 की लहर

एजेंसी | सिंगापुर

सिंगापुर में एक नई कोविड-19 लहर आ गई है। अभी तक हजारों की संख्या में कोरोना संक्रमण के मामले सामने आ चुके हैं। इसे देखते हुए वहां के स्वास्थ्य मंत्री ओंग ये कुंग ने फिर से मास्क पहनने की सलाह दी है। मंत्री ने कहा कि हम लहर के शुरुआती दौर में हैं और यह लगातार बढ़ रही है। यह जून के मध्य और अंत के बीच में चरम पर होगी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि 5 से 11 मई के सप्ताह में कोविड -19 मामलों की अनुमानित संख्या पिछले सप्ताह के 13,700 मामलों की तुलना में बढ़कर 25,900 हो गई। वहीं औसत दैनिक कोविड-19 अस्पताल में भर्ती होने वालों की संख्या एक सप्ताह पहले के 181 के मुकाबले बढ़कर लगभग 250 हो गई। पिछले सप्ताह के दो मामलों की तुलना में औसत आईसीयू मामले कम रहे। स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि अस्पताल की बिस्तर क्षमता को देखते हुए सार्वजनिक अस्पतालों को अपने गैर-जरूरी वैकल्पिक सर्जरी के मामलों को कम करने और संबंधित रोगियों को घर वापस ले जाने के लिए कहा गया है। साथ ही चिकित्सकीय रूप से उपयुक्त रोगियों को अस्पताल के वार्ड के बजाय अपने ही घर में अस्पताल में भर्ती होने का विकल्प मिलता है। ओंग ने उन लोगों से कोविड-19 वैक्सीन की एक अतिरिक्त खुराक लेने के लिए कहा है, जो गंभीर बीमारी के जोखिम में हैं। इसके अलावा 60 वर्ष और उससे अधिक आयु के व्यक्ति, मेडिकल रूप से कमजोर व्यक्ति आदि शामिल हैं।

#### सर्तकता बरतने की अपील



स्वास्थ्य मंत्री ओंग ने लोगों से सर्तकता बरतने की अपील करते हुए कहा कि यदि कोविड -19 मामलों की संख्या एक बार दोगुनी हो जाती है तो सिंगापुर की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में 500 मरीज होंगे, जिसे सिंगापुर संभाल सकता है। उन्होंने बताया कि अगर मामलों की संख्या दूसरी बार दोगुनी हो जाती है तो 1,000 मरीज होंगे और यह अस्पताल प्रणाली पर काफी बोझ होगा। ओंग ने कहा कि एक हजार बिस्तर एक क्षेत्रीय अस्पताल के बराबर है, इसलिए मुझे लगता है कि स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को आने वाले समय के लिए खुद को तैयार करना होगा। उन्होंने कहा कि फिलहाल किसी भी प्रकार के सामाजिक प्रतिबंध या किसी अन्य अनिवार्य उपाय की कोई योजना नहीं है, क्योंकि सिंगापुर में कोविड -19 को एक स्थानिक बीमारी के रूप में माना जाता है। उन्होंने कहा कि अतिरिक्त उपाय लागू करना अंतिम उपाय होगा।




सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
संपादक: विनायक शर्मा*, फोन नं. : 9664014179 (ऑफिस), ई-मेल: news@sachbedhadak.com, RNI No. : RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl